www.tamsasanket.com

वर्ष: 30 || अंक 44 || अम्बेडकरनगर

मंगलवार

05 मई 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 05:26
सूर्यास्त: 06:41
अधिकतम: 30°00
न्यूनतम: 22°00



पेज 07

**विशेष समाचार** अनुशासन जुल्म न बन जाए... >> पेज 04 | भीषण आग, बाप-बेटी की ... >> पेज 06 | तृषा कृष्णन ने किए तिरुपति...

| राज्य | बहुमत | कुल सीटें | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 147 | 293/293 | टीएमसी 79 | बीजेपी 208 | अन्य 06 |
| तमिलनाडु | 118 | 234/234 | डीएमके+ 59 | टीवीके 106 | अन्य 69 |
| असम | 64 | 126/126 | बीजेपी+ 102 | कांग्रेस+ 19 | अन्य 05 |
| केरलम | 71 | 140/140 | एलडीएफ 35 | यूडीएफ 97 | अन्य 08 |
| पुडुचेरी | 16 | 30/30 | बीजेपी+ 17 | कांग्रेस+ 06 | अन्य 07 |

विधानसभा चुनाव परिणाम 2026

## घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन लेंगे, पहली कैबिनेट में आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी : पीएम मोदी

# गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल

■ तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी टीवीके ने कमाल कर दिया। केरल में कांग्रेस की सरकार बन रही है।

**नतीजा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने सोमवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा- बंगाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में ही आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी। घुसपैठ करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा। 47 मिनट के भाषण में उन्होंने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनने पर कहा- गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो जो खुशी होती है वो खुशी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं।

>> (शेष पेज 06 पर)



### भवानीपुर से 11 हजार वोटों से सुवेंदु आधिकारी ने ममता बनर्जी को हराया

मुझे लात मारी और सीसीटीवी बंद कर दिया, वोटों की गिनती के बीच ममता बनर्जी का गंभीर आरोप, 100 से ज्यादा सीटें भाजपा ने लूटी भवानीपुर में फिर चुनाव की मांग

### महिला आरक्षण विरोधी कांग्रेस, टीएमसी और डीएमके को बहनों-बेटियों ने सजा दी - पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने बीजेपी हेडक्वार्टर में अपने संबोधन में कहा, 'विकसित भारत के निर्माण का एक और महत्वपूर्ण पिलर भारत की नारी शक्ति है. नारी शक्ति अब विकसित भारत के निर्माण में तेजी से आगे बढ़ रही है. लेकिन, नारी शक्ति की इस रफ्तार को कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने कुछ दिन पहले रोकने का काम किया. इन नारी विरोधी दलों ने संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन को पास नहीं होने दिया. इसलिए मैंने कुछ दिन पहले कहा भी था कि महिलाओं के आरक्षण का विरोध करने वाले ऐसे दलों को महिलाओं का आक्रोश झेलना पड़ेगा. आज कांग्रेस, TMC और DMK को बहनों-बेटियों ने सजा दी है.

>> (शेष पेज 06 पर)



**पश्चिम बंगाल में विधानसभा की कुल 294 सीटें हैं.** जिन पर वोट डाले गए थे. पहले चरण में 152 सीटों के लिए 23 अप्रैल को मतदान हुआ था. वहीं, दूसरे चरण में 142 सीटों पर 29 अप्रैल को वोट डाले गए थे. एक सीट पर पुनर्मतदान होना है, जिसकी वजह से आज 293 सीटों के नतीजे आ रहे हैं.

**असम में विधानसभा की कुल 126 विधानसभा सीटें हैं.** प्रदेश की सभी 126 विधानसभा सीटों के लिए 9 अप्रैल को वोट डाले गए थे. मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अगुवाई में चुनाव मैदान में उतरी बीजेपी को जीत की हैट्रिक लगाने का भरोसा है.

**तमिलनाडु में 234 विधानसभा सीटें हैं.** इन सीटों के लिए 23 अप्रैल को मतदान हुआ था. सूबे में मतदाताओं ने जबरदस्त उत्साह दिखाया और मतदान का आंकड़ा सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ते हुए 85.14 फीसदी तक पहुंच गया. सूबे में डीएमके की अगुवाई वाली मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार है.

**केरल में 140 विधानसभा सीटें हैं.** केरलम की बात करें तो इस तटीय प्रदेश की 140 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में 9 अप्रैल को वोट डाले गए थे. इस बार सूबे में 78.27 फीसदी मतदान हुआ है. वहीं, केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी की 30 सीटों के लिए भी 9 अप्रैल को ही वोट डाले गए थे. केंद्र शासित प्रदेश में 89.97 फीसदी मतदान हुआ है.

'बदला नहीं बदलाव, भय नहीं भविष्य की बात हो', पीएम मोदी की हिंसा मुक्त बंगाल की अपील

### बंगाल को बदला नहीं, बदलाव चाहिए

मोदी बोले बंगाल के भाग्य में आज से एक नया अध्याय जुड़ गया। आज बंगाल भय मुक्त हुआ है। पहली बार डर नहीं लोकतंत्र जीता है। आज जब भाजपा जीती है तो बदला नहीं बदलाव की बात होनी चाहिए। भय नहीं भविष्य की बात होनी चाहिए। मेरी सभी दलों के कार्यकर्ताओं से अपील है कि आइए हिंसा के इस अंतहीन चक्र को हमेशा के लिए खत्म करें। किसने किसे वोट दिया किसे नहीं दिया उससे ऊपर उठकर काम करें।



### ममता भवानीपुर काउंटिंग सेंटर से निकलीं, कहा- ये चुनाव नहीं, लूट

ममता बनर्जी ने भवानीपुर के काउंटिंग सेंटर से निकल गईं। उन्होंने कहा, BJP ने 100 से ज्यादा सीटें लूट लीं। चुनाव आयोग, BJP का आयोग बन गया है। मैंने बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल से भी शिकायत की। लेकिन वे कुछ नहीं कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि यह जीत है? यह एक अनैतिक जीत है। चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के साथ मिलकर जो कुछ भी किया है वह पूरी तरह से गैर-कानूनी है। यह लूट है, लूट है, लूट है। हम वापसी करेंगे।



### विजय ने जीता तमिलनाडु चुनाव, हेमा मालिनी ने तारीफ में किया पोस्ट

नई दिल्ली। साउथ सिनेमा के मशहूर अभिनेता जोसेफ विजय की राजनीति पार्टी 'तमिलगा वेट्री कझगम' यानी TVK ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत का परचम लहराया है। पहली बार चुनावी रण में किस्मत आजमाने उतरे विजय की ये प्रचंड जीत हर तरफ चर्चा का विषय बन गई है।

>> (शेष पेज 06 पर)

"हावड़ा के डुमुरजला इलाके में टीएमसी दफ्तर में तोड़फोड़ की गई। कुर्सियां-खिड़कियां तोड़ दी गईं। पार्टी का झंडा सड़क पर फेंक दिया गया।

### पीएम ने जहां झालमुड़ी खाई, वहां पर जश्न

पीएम मोदी ने झाड़ग्राम में बिक्रम साय की दुकान पर झालमुड़ी खाई थी। बिक्रम ने आज दिनभर अपनी दुकान बंद रखी। शाम को रुझानों में भाजपा की जीत के बाद वे दुकान पर आए।

**फास्ट न्यूज**

### शिमला के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

शिमला। हिमाचल की राजधानी शिमला में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब शहर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल के जरिए धमकी के बाद स्कूल प्रबंधन ने एहतियातन अभिभावकों को मैसेज भेजा और बच्चों को तुरंत घर ले जाने को कहा।

**सावधानी चेतावनी**

### खराब मौसम के कारण लखनऊ-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

भोपाल/ लखनऊ/ जयपुर/ देहरादून। खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6E-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। दोनों भोपाल में सुरक्षित उतरे।

यूपी में आंधी-बारिश जारी है। कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में जालौन सबसे गर्म शहर रहा।

### राहुल गांधी का पीए बताकर उत्तराखंड की महिला से ठगी

देहरादून । देहरादून में ठग ने राहुल गांधी का पीए बताकर महिला से 25 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। आरोपियों ने विधानसभा चुनाव में टिकट दिलाने का भरोसा देकर महिला को झांसे में लिया। इस दौरान आरोपी ने महिला को प्रदेश के बड़े नेताओं की आवाज भी सुनाई।

## जलालपुर क्षेत्र में देर रात हुआ दर्दनाक हादसा

# सड़क हादसे के बाद रौंदे गए आठ लोगों की मौत

**घटना**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। हादसा अशरफपुर भुवा भट्ठे के पास करीब 12 बजे हुआ। पहले दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हुई, जिसके बाद मदद के लिए जुटी भीड़ पर तेज रफ्तार कार चढ़ गई।

जानकारी के अनुसार, देर रात सड़क पर दो मोटरसाइकिलों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें कैफी, आदित्य कुमार और दिव्यांशु शामिल थे।

आदित्य कुमार और दिव्यांशु सगे भाई थे और एक शादी समारोह से लौट रहे थे। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे।

मृतकों में कैफी (32), उत्तम कुमार (24), आदित्य कुमार (25), दिव्यांशु (22), लालचंद (24), राजू गुप्ता (32), साहिल (28) और इंद्रेश (30) शामिल हैं। आदित्य और दिव्यांशु सगे भाई थे। अन्य मृतक अलग-अलग गांवों से बताए गए हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)



### पुलिस ने शुरू की जांच

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी डॉ. तेजवीर सिंह ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और घटनाक्रम के हर पहलू की पड़ताल हो रही है।

## नई ट्रांसफर पॉलिसी मंजूर, वॉट्सऐप पर आएगा सम्मन, योगी कैबिनेट में 29 प्रस्ताव पास

# यूपी में कर्मचारियों के 5 से 31 मई तक होंगे ट्रांसफर

**बैठक**

हेमन्त कृष्णा

तमसा संकेत, लखनऊ। यूपी में 16 लाख कर्मचारियों और अधिकारियों के तबादले 5 से 31 मई तक किए जाएंगे। योगी कैबिनेट ने सोमवार को 2026-27 के लिए तबादला नीति को मंजूरी दी। जिले में तीन साल और मंडल में सात साल की नौकरी पूरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारी ट्रांसफर की जद में आएंगे। इसमें सरकारी सेवा में रहने वाले दंपतियों को एक जगह तैनाती मिलेगी। दिव्यांगों और गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारियों को राहत दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया, प्रदेश में किसानों के खेतों से 765, 490, 220 और 132 केवी की हाईटेंशन लाइनें बिछाई जाती हैं। बड़े-बड़े विद्युत टावर भी लगाए जाते हैं। 2018 से पहले खेतों से होकर निकलने वाली विद्युत लाइनों और टावरों के लिए मुआवजा का प्रावधान नहीं था। लेकिन 2018 में इसका प्रावधान किया गया, लेकिन उस प्रावधान में मुआवजा राशि बहुत कम होने से किसान संतुष्ट नहीं थे। >> (शेष पेज 06 पर)



■ कैबिनेट में 29 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। लोक भवन के मीडिया सेंटर में संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया, विभागों में कुल स्वीकृत पदों की तुलना में 20 फीसदी कर्मचारियों-अधिकारियों का तबादला किया जाएगा।

### अब ई सम्मन जारी किए जाएंगे

प्रदेश के न्यायालयों में लंबित वादों के त्वरित निस्तारण के लिए राज्य सरकार ने अब ई सम्मन की व्यवस्था लागू की है। कोर्ट की ओर से जारी समन्न समय पर तामील नहीं होने या संबंधित परिवादी, वादी या गवाह की ओर से व्यक्तिगत समन्न स्वीकार नहीं करने के कारण मामलों के निस्तारण में समय लगता था।

कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश ई साक्ष्य प्रबंधन नियम, उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रोनिक आदेशिका, निर्गतिकरण, तामिला नियम 2026 और सामुदायिक सेवा गाइडलाइन 2026 को मंजूरी दी है। इसके तहत अब सम्मन ईमेल, वाट्सएप के जरिए समन्न जारी किया जा सकेगा, उसे अधिकृत माना जाएगा।

**खुलासा :** मुठभेड़ में खत्म हुआ आरोपी आमिर, तीन दिन में पुलिस ने सुलझाया मामला

# अंबेडकरनगर हत्याकांड: चार बच्चों और मां की हत्या का राज

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत,अंबेडकरनगर । कोतवाली नगर क्षेत्र के मुरादाबाद मोहल्ले में हुए पांच हत्याओं के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। चार बच्चों और उनकी मां की निर्मम हत्या के आरोपी आमिर को रविवार देर रात मुठभेड़ में मार गिराया गया। इस कार्रवाई के साथ ही पुलिस ने मामले को सुलझाने का दावा किया है। यह वारदात शनिवार को सामने आई थी, जब एक घर के अंदर चार मासूम बच्चों के शव एक साथ मिले थे। घटना ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। घटना के बाद गासिया घर पर नहीं मिली। ऐसे में पुलिस ने प्रथम दृष्टया उसे संदिग्ध मानते हुए तलाश शुरू की। लेकिन रविवार को उसका शव घर से करीब 100 मीटर दूर नाले में मिला। शरीर पर चोट के निशान थे। गासिया का शव मिलने के बाद मामला पूरी तरह बदल गया। अब पुलिस को स्पष्ट हो गया कि वह भी हत्या की शिकार । जांच के दौरान पुलिस को आमिर नाम के युवक की भूमिका संदिग्ध लगी। स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाई गई तो उसके घटनास्थल के आसपास देखे जाने की बात सामने आई। >> (शेष 06 पर)



### देर रात मुठभेड़, गोली लगने से मौत

रविवार रात पुलिस को आमिर के एक स्थान पर होने की सूचना मिली। टीम ने घेराबंदी की। पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरता देख आमिर ने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया।



### कमरे में बिस्तर पर मिले चारों बच्चे

शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि मुरादाबाद मोहल्ले के एक घर में बच्चों की संदिग्ध मौत हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि चारों बच्चे कमरे में बिस्तर पर पड़े थे। उनके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। प्रारंभिक जांच में सिर कूचकर हत्या की आशंका जताई गई। मृतकों की पहचान सादिया (8), सफीक (14), सऊद और उमर के रूप में हुई। बच्चों के पिता नियाज़ अहमद सऊदी अरब में रहते हैं। घटना के समय घर में मां गासिया और बच्चे ही मौजूद थे।

# हिमाचल में तूफान से मकान की छत उखड़ी

## कुफरी में ओलावृष्टि से बिछी बर्फ की सफेद चादर

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

शिमला । हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला के कई क्षेत्रों में आज (सोमवार को) दोपहर बाद भारी ओलावृष्टि हुई। इससे सेब, मटर और फूलगोभी की फसल को नुकसान हुआ। कई जगह सेब को ओलावृष्टि से बचाने के लिए लगाए गए एंटी हेल नेट और बांस भी टूट गए। शिमला जिला के नेरवा की केदी पंचायत के शुकराना गांव निवासी सीताराम शर्मा के घर की छत तूफान से उखड़ गई।

क्षेत्र में अन्य लोगों के घरों की छत्त को भी तूफान से नुकसान पहुंचा है। नारकंडा, कुफरी, रोहड़, चौपाल, टियाली इत्यादि क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि हुई। कुफरी में ओलावृष्टि के बाद सड़क पर बर्फ जैसी सफेद चादर बिछ गई। इसके बाद गाड़ियां फिसलने लगी।



■ लाहौल-सोलन में लौटी ठंड नाहन का पारा भी 7 डिग्री गिरा

>> (शेष पेज 06 पर)

C M Y K

## केसीसी और फसल बीमा योजनाओं में तेजी के निर्देश, योगी सरकार का किसानों पर फोकस

# हर पात्र किसान को मिले केसीसी व बीमा का लाभ : सूर्य प्रताप शाही

**समीक्षा**

- एनपीए खातों के निस्तारण पर जोर, बैंकों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश
- कृषि निवेश बढ़ाने पर जोर, योजनाओं में बैंकिंग सहयोग तेज करने के निर्देश





**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सोमवार को विधानसभा स्थित समिति कक्ष सं0-44-ख में केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों और बैंकों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री शाही ने कहा कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, जिनका लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों के डाटा का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिक से अधिक किसानों को केसीसी से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय पोर्टलों पर फार्मर आईडी का प्रभावी उपयोग कर योजनाओं के बीच समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि पात्र किसानों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित किया जा सके। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि जिन किसानों का प्रीमियम काटा गया है, उनका बीमा सुनिश्चित रूप से किया जाए और इसका पारदर्शी रिकॉर्ड उपलब्ध कराया जाए।

**15 मई से विशेष अभियान, अधिक से अधिक किसानों को केसीसी से जोड़ने की तैयारी**

> मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों को यह जानकारी दी जानी चाहिए कि समय पर ऋण भुगतान करने पर ब्याज दर में राहत मिलती है। उन्होंने बैंकों को निर्देशित किया कि शाखा स्तर पर जागरूकता बढ़ाई जाए, नोटिस बोर्ड लगाए जाएं तथा किसानों से सीधे संपर्क कर उन्हें समय से भुगतान के लाभ बताए जाएं।

### प्रदेश में बड़ी संख्या में केसीसी खातों का नवीनीकरण लंबित

समीक्षा के दौरान यह जानकारी दी गई कि प्रदेश में बड़ी संख्या में केसीसी खातों का नवीनीकरण लंबित है तथा कई खाते एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) की श्रेणी में चले गए हैं। इस पर मंत्री शाही ने निर्देश दिए कि बैंक एवं विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर किसानों को समय से ऋण अदायगी के लिए प्रेरित करें तथा लंबित खातों को नियमित किया जाए। उन्होंने कहा कि 15 मई से विशेष अभियान चलाकर नए केसीसी जारी किए जाएं और अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ा जाए।

## जीत पीएम मोदी के प्रति अटूट जन-विश्वास का प्रतीक: योगी



**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के ऐतिहासिक परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे पीएम मोदी के प्रति देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व और लोक-कल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है।

अपनी पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व एवं लोक-कल्याण-कारी नीतियों पर देशवासियों का अटूट विश्वास है, जो आज विधानसभा चुनाव के ऐतिहासिक परिणामों के रूप में पुनः परिलक्षित हुआ है। पश्चिम बंगाल में पहली बार, असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा गठबंधन की सरकार बनना इसी अगाध विश्वास का सुफल है। जन-जन का यह अभूतपूर्व जनादेश प्रधानमंत्री जी के 'नए भारत-विकसित भारत' के विराट संकल्प की सिद्धि को एक नई गति प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक विजय के लिए बंगाल, असम एवं पुडुचेरी के भाजपा संगठन से जुड़े सभी समर्पित पदाधिकारियों, कर्मठ कार्यकर्ताओं व विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी है।

- प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व एवं लोक-कल्याणकारी नीतियों पर देशवासियों का अटूट विश्वास विधानसभा चुनाव के ऐतिहासिक परिणामों के रूप में पुनः परिलक्षित हुआः सीएम

**फास्ट न्यूज**

### इकलौते बेटे ने शादी के तीसरे दिन सुसाइड किया

मोहनलालगंज। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के रकीबाबाद गांव में इकलौते बेटे ने शादी के तीसरे दिन सुसाइड कर लिया। परिजन ने आरोप लगाया है कि मां को बाइक की टक्कर मारने पर पड़ोस के एक लड़के से उसका विवाद हो गया था। उसके बाद युवक ने पुलिस बुला ली थी। तभी से वह लड़का बार-बार फोन कर धमकी दे रहा था। मृतक की पहचान 20 वर्षीय रामजीत के रूप में हुई है।

### लखनऊ में दीवार ढहने से 2 युवकों की मौत

लखनऊ। लखनऊ में सुबह तूफान के साथ करीब डेढ़ घंटे बारिश हुई। मड़ियांव में दीवार ढहने से अंकित शर्मा (34) और विभूति खंड में अमित यादव की मौत हो गई। 2 युवक घायल हो गए। बारिश से कई इलाकों में नाले उफना गए। सुल्तानपुर रोड की तरफ सड़कों पर पानी भर गया।

भोर में ठंडी हवा चल रही थी। सुबह 8:20 बजे अचानक घने काले बादल छा गए। इससे शहर के अधिकांश इलाकों में अंधेरा छा गया। करीब 10 मिनट में ही तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई। मलिहाबाद में आम बागवानों का बहुत नुकसान हुआ। बागों में आम के छोटे फल एक तरफ से बिछ गए।

### केजीएमयू के शताब्दी में घटिया ईंट से हो रहा निर्माण

लखनऊ । KGMU के शताब्दी में घटिया ईंट से एचआरएफ स्टोर का निर्माण अफसर करवा रहे हैं। इंजीनियर-ठेकेदार की मिलीभगत से आधे से ज्यादा निर्माण पूरा हो गया है। इसके बाद भी किसी भी जिम्मेदार की घटिया निर्माण पर निगाह तक नहीं गई। रविवार को इस घटिया निर्माण का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया।

## यूपी में 38 आईएएस ट्रांसफर, 8 डीएम बदले

### आईफोन कांड में फंसे रमेश रंजन हटाए गए

**तमसा संकेत, एजेंसी**




लखनऊ। योगी सरकार ने रविवार देर रात 38 IAS अफसरों के तबादले कर दिए। 8 जिलों के डीएम बदले गए। कंडीशनल इस्तीफा देकर वापस लेने वाले रिंकू सिंह राही को 9 महीने बाद पोस्टिंग मिल गई है। उन्हें जालौन का संयुक्त मजिस्ट्रेट बनाया गया है। संभल में तीर्थों की खोज कराने वाले डीएम राजेंद्र पेसिंया को मुरादाबाद जैसे बड़े जिले की कमान दी गई है। यानी, उनका कद बढ़ाया गया है।

देवरिया डीएम दिव्या मित्तल और फिरोजाबाद डीएम रमेश रंजन को हटाकर राजस्व विभाग भेजा गया। दिव्या को राजस्व विभाग का विशेष सचिव बनाया है, जबकि रमेश रंजन को अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी है। ब्यूरोक्रेसी में इसे सबसे कमजोर पोस्टिंग मानी जाती है। देवरिया डीएम दिव्या मित्तल का स्थानीय जनप्रतिनिधि विरोध कर रहे थे, उनकी कई शिकायतें सरकार तक पहुंची थीं। जबकि फिरोजाबाद डीएम रमेश रंजन पर टूंडला की तत्कालीन तहसीलदार राखी शर्मा ने रिश्वत में आईफोन लेने का आरोप लगाया था। सूत्रों के मुताबिक, सीएम योगी भी फिरोजाबाद डीएम रमेश रंजन के कामकाज से नाराज थे। प्रतापगढ़ डीएम शिव सहाय अवस्थी को भी साइडलाइन किया गया है। उन्हें ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है।

## पानी की टंकी लटकी, शादी का मंडप उड़ गया, 22 जिलों में बरसात, 3 की मौत

# यूपी में आंधी-तूफान, 100 फीट ऊंची चिमनी ढह गई

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। यूपी में आंधी-बारिश का दौर जारी है। सोमवार सुबह अयोध्या, सीतापुर और बारांबकी में ओले गिरे। लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर और कानपुर समेत 22 जिलों में आंधी के बाद बारिश हुई।

लखनऊ में तूफान के साथ करीब डेढ़ घंटे तक पानी बरसा। यहां सुबह 8:20 बजे अचानक मौसम बदला। दिन में रात जैसा अंधेरा छा गया। फिर बिजली कड़कने लगी। इसके बाद जोरदार बारिश हुई।

बारिश और तूफान से पेड़ और बिजली के पोल उखड़ गए। कई इलाकों की बिजली गुल हो गई। नाले उफना गए। खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6E-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान ने तीन बार लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन तेज हवाओं और खराब विजिबिलिटी के चलते लैंडिंग नहीं हो सकी।



### गोरखपुर में आंधी-बारिश में कार पर पेड़ गिरा, अंडरपास में कार डूबी

गोरखपुर में तेज आंधी और बारिश के दौरान कई हादसे सामने आए। फॉरेस्ट क्लब के पास त्रिभुवन यादव रोड पर स्कॉर्पियो से उतरते ही उस पर पेड़ गिर गया। हालांकि सवार लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### बारिश से फसलों को नुकसान

पिछले चारों दिनों से यूपी में बारिश का सिलसिला जारी है। इससे बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचा है। खासतौर पर सब्जियों की फसल प्रभावित हुई हैं। खीरा-ककड़ी, खरबूज और तरबूज को सबसे ज्यादा नुकसान होने की आशंका है।

### 24 घंटे में 15 शहरों में बारिश, फर्रुखाबाद में पोल उखड़े

पिछले 24 घंटे की बात करें तो अयोध्या समेत 15 जिलों में बारिश हुई। फर्रुखाबाद में आंधी से पोल उखड़ गए। सुल्तानपुर में चक्की पर पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई। बाराबंकी में सबसे ज्यादा 50 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा सुल्तानपुर में 35.3 मिमी और गोंडा में 31.5 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। रविवार को जालौन सबसे गर्म शहर रहा। यहां का पारा 43.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



लखनऊ में बारिश-तूफान ने मलिहाबाद में आम की बागवानी को तहस-नहस कर दिया।

> खराब मौसम पर सीएम योगी ने कहा प्रदेशवासी सतर्क रहें। खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे न जाएं। बच्चों को घर के अंदर ही रखें। किसानों से अपील है कि वे अपनी फसलों और पशुओं का ख्याल रखें। सभी जिलाधिकारी, पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग अलर्ट मोड में रहें।

## गौशालाओं को बनाएं आत्मनिर्भर उत्पादन केंद्र : पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह

# गोबर आधारित कम्पोस्ट व बायोगैस को बढ़ावा दे रही है योगी सरकार

- प्रदेशभर में सफल बायोगैस मॉडलों के विस्तार की तैयारी, किसानों को होगा दोहरा लाभ
- गोबर खाद के मानकीकरण व मजबूत मार्केटिंग सिस्टम पर सरकार का फोकस





**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । प्रदेश के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को विधानसभा स्थित समिति कक्ष 44 ख में पशुपालन विभाग एवं कृषि विभाग के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर गोबर से कम्पोस्ट, बायोगैस, जीवामृत एवं घनामृत के उत्पादन, उपयोग और विपणन को लेकर व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मंत्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता को पुनर्स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उपलब्ध गोबर संसाधनों का वैज्ञानिक उपयोग कर बड़े पैमाने पर जैविक खाद का उत्पादन संभव है और इसके माध्यम से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश की गौशालाओं को उत्पादन केंद्र के रूप में विकसित करते हुए उन्हें कम्पोस्ट, जीवामृत एवं अन्य जैविक उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जाए।

**जैविक खेती को बल देने, गोबर खाद से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने पर जोर**

### लाखों मीट्रिक टन कम्पोस्ट उत्पादन की क्षमता मौजूद

मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में अनुमानित रूप से लाखों मीट्रिक टन कम्पोस्ट उत्पादन की क्षमता मौजूद है, जिसके लिए गोशालाओं, डेयरी इकाइयों और किसानों के स्तर पर समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने झांसी, चंदौली, फर्रुखाबाद, कानपुर और बाराबंकी जैसे जनपदों में संचालित सफल बायोगैस एवं जैविक खाद मॉडलों का उल्लेख करते हुए निर्देश दिए कि इन मॉडलों का अध्ययन कर प्रदेशव्यापी विस्तार सुनिश्चित किया जाए।

> बैठक में कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्रों के विस्तार, गोबर गैस प्लांट्स की स्थापना तथा कृषि अपशिष्ट के समुचित उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि बायोगैस से न केवल ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ेगी बल्कि उससे निकलने वाला स्लरी (जैविक खाद) खेतों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा, जिससे किसानों को दोहरा लाभ मिलेगा।

## 'एक जनपद एक व्यंजन' योजना को दी मंजूरी

**तमसा संकेत, संवाददाता**




- पारंपरिक व्यंजनों को मिलेगी वैश्विक पहचान - मंत्री राकेश सचान

लखनऊ। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को मंत्रिपरिषद के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार ने 'एक जनपद एक उत्पाद' (ODOP) की सफलता के बाद अब 'एक जनपद एक व्यंजन' (ODOP-Food) योजना को मंजूरी दे दी है। मंत्री सचान ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक जनपद के पारंपरिक एवं विशिष्ट व्यंजनों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इसके अंतर्गत जनपदवार प्रसिद्ध व्यंजनों का चिन्हांकन कर उन्हें संरक्षित, सुरक्षित एवं मानकीकृत किया जाएगा। साथ ही उनकी गुणवत्ता सुधार, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं शेल्फ लाइफ बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत संबंधित कारीगरों, हलवाइयों, खाद्य उद्यमियों एवं श्रमिकों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा उन्हें विभिन्न मेलों, फेस्टिवल एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे न केवल पारंपरिक व्यंजनों को नई पहचान मिलेगी, बल्कि रोजगार सृजन और कारीगरों की आय में भी वृद्धि होगी। मंत्री सचान ने बताया कि योजना के क्रियान्वयन के लिए जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी, जिसमें विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों, खाद्य विभाग एवं पर्यटन विभाग के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। यह समिति

**गर्व : बिना बैंक से कर्ज लिए 4,200 करोड़ की गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना पूरी : सीएम योगी**

# पिछले नौ वर्षों में यूपी 'बीमारू' से रेवेन्यू सरप्लस राज्य बना



**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। "उत्तर प्रदेश आज बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को भी अपने वित्तीय संसाधनों से पूरा करने की क्षमता रखता है। देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे में शामिल करीब 600 किलोमीटर के गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण बिना बैंकों से कर्ज लिए पूरा किया गया। इसमें 36,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुआ। एक्सप्रेसवे के किनारे नौ इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जिनके लिए करीब 7,000 एकड़ अतिरिक्त जमीन ली गई है। इंडस्ट्रियल क्लस्टर व लॉजिस्टिक हब को मिलाकर पूरी परियोजना पर 42,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। वर्ष 2017 से पहले यह स्थिति नहीं थी, प्रदेश को 'बीमारू' माना जाता था। कोई भी बैंक या वित्तीय संस्थान राज्य को कर्ज देने के लिए तैयार नहीं था। लेकिन, अब यूपी 'रेवेन्यू सरप्लस स्टेट' है।" ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन में आयोजित सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग के लिए नवचयनित 371 लेखा परीक्षकों एवं स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के लिए नवचयनित 129 लेखा परीक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहीं। अपने संबोधन से पहले सीएम ने नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा विभाग में नवचयनित कर्मियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

### 2017 में मेरा फोन उठाने को तैयार नहीं थे बैंकों के अधिकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब हमने सरकार बनाई, खजाना खाली था। हमें अपने चुनावी वादों को निभाना था, लेकिन किसी भी बैंक का चेयरमैन या सीएमडी मेरा फोन उठाने को तैयार नहीं था। यानी, यूपी को कर्जा नहीं देना है। ऐसी छवि बना दी गई थी हमारे प्रदेश की। तब उस कठिन दौर में हमने तय किया कि बैंकों या वित्तीय संस्थानों पर निर्भर रहने के बजाय हम अपने संसाधन बढ़ाएंगे, वित्तीय अनुशासन मजबूत करेंगे और बेहतर वित्तीय प्रबंधन का उदाहरण पेश करेंगे। हमने इसे साबित भी किया। यदि हमने भी वित्तीय प्रबंधन नहीं किया होता, ऊल-जुलूल खर्च होते, बिना बजट पैसा रेवड़ियों की तरह बांटा जाता और बिना वित्तीय अनुशासन अनावश्यक कर्ज लिया जाता, तो आज यूपी के लोगों पर कर्ज का भारी बोझ होता।

# योगी सरकार द्वारा उच्च शिक्षा विस्तार की दिशा में एक और कदम

### अमरदीप विश्वविद्यालय, फिरोजाबाद की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत

- उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मेट्रो विश्वविद्यालय नोएडा को संचालन हेतु अनुमति पत्र प्रदान किया

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर विस्तार और गुणवत्ता सुधार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 के अंतर्गत अमरदीप मेमोरियल ट्रस्ट, फिरोजाबाद को अमरदीप विश्वविद्यालय, फिरोजाबाद की स्थापना हेतु आशय पत्र निर्गत किया गया है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मंत्रिपरिषद के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि योगी सरकार का लक्ष्य उच्च शिक्षा को अंतिम पायदान तक सरल, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक जिले में उच्च शिक्षा संस्थानों का विस्तार हो, जिससे विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 एवं उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना) नियमावली, 2021 के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्राप्त प्रस्तावों का मूल्यांकन उच्च स्तरीय समिति द्वारा किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की जाती है। समिति की संस्तुति के आधार पर ही आशय पत्र निर्गत किया जाता है।

उच्च शिक्षा मंत्री ने जानकारी दी कि उच्च स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 29 जुलाई 2025 को सम्पन्न हुई थी, जिसमें फिरोजाबाद जनपद के ग्राम पचवान स्थित 20.08 एकड़ भूमि पर अमरदीप विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु प्रस्ताव को अनुमोदित करते हुए आशय पत्र निर्गत करने की संस्तुति की गई।

# अपराध समीक्षा बैठक: महिला अपराध

## चोरी-लूट पर सख्त कार्रवाई के निर्देश पुलिस लाइन सभागार में हुई गोष्ठी

**बैठक**

- चोरी-लूट रोकने के लिए गश्त बढ़ाने के आदेश
- गौकशी और ट्रैफिक व्यवस्था पर सख्ती
- बीट पुलिसिंग और पारदर्शिता पर जोर

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । रविवार को पुलिस लाइन सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने की। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी/पूर्वी), सभी क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष और विभिन्न शाखाओं के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक का उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए रणनीति तय करना रहा। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। गोष्ठी में गौकशी के मामलों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने पर जोर दिया गया।

> जिले में चोरी और लूट की घटनाओं को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने और समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाने को कहा गया।

ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में बीट पुलिसिंग को मजबूत करने और भ्रष्टाचार मुक्त पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया गया। इसका उद्देश्य आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना और पुलिस व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाना है।

### अपराधियों की पहचान और सख्ती पर जोर

बैठक में शातिर और अभ्यस्त अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निगरानी तंत्र को मजबूत करना जरूरी है। थानों पर नियमित रात्रि गणना सुनिश्चित करने और पुलिस बल की सक्रियता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

### महिला अपराधों पर फोकस, प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने महिला संबंधी अपराधों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने के लिए प्रक्रियाओं को और मजबूत करने पर जोर दिया गया।

आईजीआरएस के माध्यम से आने वाली शिकायतों पर भी गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से कहा गया कि वे आवेदकों से सीधे संवाद कर फीडबैक लें और शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें।

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर जश्न कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव

## जिला कार्यालय में एकत्र हुए कार्यकर्ता, अबीर-गुलाल और मिठाई से खुशी जाहिर की

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने तीन राज्यों में मिली चुनावी सफलता पर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया, मिठाई बांटी और पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष Tryambak Tiwari ने किया। कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या कार्यालय परिसर में मौजूद रही। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने कहा कि कुछ राज्यों में जनता ने पुराने शासन से बदलाव का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने विकास और पारदर्शिता को चुना है।

उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी की जीत संगठन, कार्यकर्ताओं की मेहनत और रणनीति का परिणाम है।

जश्न के दौरान कई जनप्रतिनिधि और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।



इनमें विधायक धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश सिंह, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू शामिल रहे। इसके अलावा जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री विनय पांडेय, राजकुमार सेठ, गौरव श्रीवास्तव, शशि द्विवेदी, सर्वेश प्रताप सिंह, लवकुश पांडेय, प्रेम चंद वर्मा, ज्ञान कुमार मोदनवाल, सीताराम सिंह, ऋषभ त्रिपाठी, चंद्रपाल वर्मा, रवींद्र वर्मा, एडवोकेट नीरज त्रिपाठी, सुनील राजभर, सेठ विशाल चंद, श्याम लाल राजभर, अनूप शर्मा, अशोक कन्नौजिया और रवि मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चुनावी सफलता को संगठन की जीत बताया

जिलाध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा चुनावों में लगातार मिल रही सफलता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही नीतियों की जीत है। उन्होंने इसे "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" की नीति का परिणाम बताया।

**फास्ट न्यूज**

### जनता इंटर कॉलेज महरूआ में मेधावी छात्रों का सम्मान

अंबेडकरनगर। जनता इंटर कॉलेज महरूआ गोला में सोमवार को मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

इंटरमीडिएट में जिले में 10वां स्थान हासिल करने वाली करिश्मा पांडेय को साइकिल देकर सम्मानित किया गया।

### शिक्षामित्र सम्मान कार्यक्रम का आज होगा सजीव प्रसारण

अंबेडकरनगर । मंगलवार को शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी Shailesh Patel ने दी।कार्यक्रम सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाले राज्य स्तरीय आयोजन का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान चयनित शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक दिया जाएगा।

### जहांगीरगंज पुलिस की कार्रवाई

अंबेडकरनगर। जहांगीरगंज थाना पुलिस ने रात्रि गश्त और बॉर्डर चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई सोमवार तड़के करीब 1:45 बजे की गई। पुलिस टीम को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली। इसके बाद घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी पहचान रोहित कन्नौजिया के रूप में हुई, जो आलापुर थाना क्षेत्र के शेखपुर मलपुरा गांव का निवासी है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

## भाग्योदय बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में हुआ आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । अवसानपुर शिक्षा खंड टांडा स्थित भाग्योदय बाल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।समारोह का आयोजन प्रियदर्शी फाउंडेशन की ओर से किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रियदर्शी फाउंडेशन के संस्थापक Dr. Divakar Maurya ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य रखना चाहिए, क्योंकि बड़ा लक्ष्य ही बड़ी सफलता दिलाता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और कौशल विकास ही व्यक्ति को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है।

समारोह में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



हाईस्कूल में रूबी मौर्या (82.5), अरुण (81.1), मीनाक्षी (78.5), ईशु (78.2) और आलिया (78.1) को सम्मान मिला। इंटरमीडिएट में पल्लवी (78.3), अंशिका (73.3), हिमांचल (71.2), नैंसी यादव (69.6), साक्षी (69.3) और अंतिम (69.1) को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं को अपने कौशल पर ध्यान देना चाहिए।

# अचानक बदले मौसम से झमाझम बारिश शहर में जलभराव से जनजीवन प्रभावित

## तेज धूप के बाद दोपहर में बारिश, कुछ ही मिनटों में हालात बिगड़े

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । सोमवार को मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह आसमान साफ और धूप तेज थी, लेकिन दोपहर करीब 12 बजे तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई और देखते ही देखते बारिश तेज हो गई।थोड़ी ही देर की बारिश ने शहर की व्यवस्था की पोल खोल दी। बारिश के दौरान टांडा और अयोध्या मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सड़क पर पानी भरने से वाहनों की रफ्तार थम गई और लोग परेशान होते रहे।इसी समय स्कूलों की छुट्टी होने से बच्चों की आवाजाही बढ़ गई, जिससे स्थिति और बिगड़ गई।

शहर के कई हिस्सों में सड़क किनारे करीब दो फीट तक पानी भर गया। इस कारण कई दोपहिया वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए। साइलेंसर में पानी जाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत हुई।



कलेक्ट्रेट को जाने वाला मुख्य मार्ग भी पानी से लबालब हो गया। इस मार्ग पर डीएम कार्यालय, सीएमओ, जिला अस्पताल, विकास भवन और दीवानी न्यायालय जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों तक पहुंचना मुश्किल हो गया।लोगों को घुटनों तक पानी में होकर गुजरना पड़ा। बारिश का असर रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन क्षेत्र में भी देखा गया। यहां भी जलभराव के कारण यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। कुछ ही मिनटों की बारिश में पूरे शहर में जलभराव होने से नगर पालिका की जलनिकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि हर बारिश में यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।

### नालियां ओवरफ्लो, कई मोहल्लों में जलभराव

तेज बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। नाले और नालियां ओवरफ्लो हो गईं, जिससे सड़कों पर पानी भर गया।कई मोहल्लों में लोग दिनभर घरों में ही रहने को मजबूर हो गए। जलनिकासी व्यवस्था कमजोर होने के कारण पानी तेजी से बाहर नहीं निकल सका।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर जागरूकता अभियान

## महामाया कृषि महाविद्यालय में छात्रों ने दिया सिटीजन फीडबैक

तमसा संकेत, संवाददाता

अकबरपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगर पालिका परिषद अकबरपुर की ओर से सोमवार को महामाया कृषि अभियंत्रण एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और शहर की सफाई व्यवस्था के आकलन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने सिटीजन फीडबैक प्रक्रिया में भाग लिया। इस प्रक्रिया में कुल 13 सवाल पूछे गए, जिनके माध्यम से शहर की सफाई व्यवस्था का आकलन किया गया।इन सवालों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, कचरा पृथक्करण, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति और RRR सेंटर के प्रति जागरूकता जैसे प्रमुख बिंदु शामिल रहे।छात्रों ने सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए अपनी राय दर्ज कराई और स्वच्छता अभियान में योगदान दिया। नगर पालिका परिषद अकबरपुर की अधिशाषी अधिकारी बीना सिंह ने छात्रों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए युवाओं की भूमिका निर्णायक होती है।उन्होंने शहर के लोगों से भी अपील की कि वे सिटीजन फीडबैक में हिस्सा लें और शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में महाविद्यालय और नगर पालिका से जुड़े कई लोग मौजूद रहे। महाविद्यालय की ओर से वीके सिंह और मनीष कुमार शामिल हुए।



## कलेक्ट्रेट सभागार में हुई संयुक्त बैठक, कई समितियों की समीक्षा

# 37 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा संरक्षण समिति, जिला पर्यावरण समिति और जिला आर्द्र भूमि समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी Isha Priya ने की।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण अभियान और नदी संरक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि शासन की ओर से इस वर्ष जनपद को 37 लाख 530 पौधों के रोपण का लक्ष्य मिला है। यह लक्ष्य 24 विभागों में विभाजित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने आगामी 9 मई को भारत रत्न रवींद्रनाथ टैगोर जयंती के अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों में "ग्रीन चौपाल" आयोजित करने के निर्देश दिए। इसका उद्देश्य वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कार्बन फाइनेंसिंग योजना की जानकारी भी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया।

### पौधों की सुरक्षा और मियावाकी वन पर जोर

बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को ग्राम्य विकास और पंचायती राज विभाग की अलग से समीक्षा कर प्रभावी योजना तैयार कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था जरूरी है। नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में कम से कम दो मियावाकी या कपि वन विकसित करने के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित कर योजना तैयार करने को कहा गया। आवश्यकता पड़ने पर वन विभाग पौध उपलब्ध कराएगा।



> जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि तीन दिन के भीतर नोडल अधिकारी का नाम सहित विस्तृत कार्ययोजना वन विभाग को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही 31 मई तक सभी स्थलों पर गड्ढा खुदाई का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा करने को कहा गया।

बैठक में जिला गंगा संरक्षण समिति के अंतर्गत तमसा नदी के पुनरुद्धार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की स्थिति पर चर्चा की।

मनरेगा के तहत शुष्क और जलरहित क्षेत्रों में हो रहे कार्यों तथा लघु सिंचाई विभाग द्वारा चेकडैम निर्माण के लिए उपयुक्त स्थानों के चयन पर भी निर्देश दिए गए। आर्द्र भूमि और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

# हत्याकांड का पर्दाफाश : एसपी प्राची सिंह के नेतृत्व में आमिर ढेर

## सटीक इनपुट और तेज एक्शन से पुलिस ने आरोपी को किया ढेर

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । चार मासूम बच्चों और उनकी मां के जघन्य हत्याकांड में वांछित आरोपी आमिर को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। यह कार्रवाई सोमवार को अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के नेवतरिया बाईपास के पास की गई।पूरे ऑपरेशन की कमान और निगरानी पुलिस अधीक्षक Prachi Singh ने संभाली। उनकी रणनीति और त्वरित निर्णय से यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार, जैसे ही वायरलेस सेट पर आरोपी की लोकेशन की सूचना मिली, एसपी प्राची सिंह ने बिना समय गंवाए टीम को रवाना करने के निर्देश दिए। मौके पर पहुंचते ही उन्होंने पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग शुरू कर दी।टीम को साफ निर्देश दिए गए कि किसी भी हाल में आरोपी को भागने का मौका नहीं मिलना चाहिए।



पुलिस टीम ने नेवतरिया बाईपास के पास घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आमिर ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोलियां उसे लगीं और वह मौके पर ही गिर पड़ा।सूचना मिलते ही एसपी प्राची सिंह लगातार फील्ड टीम से संपर्क में रहीं और हर मूवमेंट पर नजर बनाए रखी।घायल आरोपी को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आमिर मीरानपुर का रहने वाला था और लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था। उस पर हत्या, रेप और गोवध जैसे गंभीर मुकदमे दर्ज थे।चार बच्चों और उनकी मां की हत्या जैसे संवेदनशील मामले में नाम सामने आने के बाद पुलिस ने उसे सबसे बड़ी प्राथमिकता में रखा था। इस पूरे ऑपरेशन की सफलता का श्रेय एसपी प्राची सिंह की रणनीतिक योजना और तेज निर्णय क्षमता को दिया जा रहा है। उन्होंने टीम को हर स्तर पर स्पष्ट निर्देश दिए और ऑपरेशन को लगातार मॉनिटर किया।पुलिस विभाग में यह कार्रवाई उनकी मजबूत लीडरशिप और अपराध नियंत्रण पर सख्त रवैये का उदाहरण मानी जा रही है।

# आलापुर में नए प्रत्याशी की एंट्री से बढ़ी चुनावी हलचल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । विधानसभा क्षेत्र आलापुर में आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी बीच नए प्रत्याशी अमर सिंह दुशाद के मैदान में उतरने से क्षेत्र में हलचल बढ़ गई है। उनके आगमन के बाद चुनावी माहौल और सक्रिय हो गया है।

रविवार और सोमवार को अमर सिंह दुशाद ने क्षेत्र के कई बाजारों और गांवों का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर समर्थन जताया।जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं पर बातचीत की।

अमर सिंह दुशाद मूल रूप से खलीलाबाद के निवासी बताए जाते हैं। वह एक उद्योगपति हैं और उनका परिवार पहले से राजनीति से जुड़ा रहा है।उनकी माता ज्ञानमती दुशाद वर्ष 2010 में संतकबीर नगर में जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं। पिता मोतीलाल दुशाद उद्योग जगत में पहचान रखते हैं।



- अमर सिंह दुशाद के जनसंपर्क अभियान से तेज हुई सियासी गतिविधियां

जनसंपर्क के दौरान अमर सिंह दुशाद ने कहा कि उन्हें जनता का समर्थन मिला तो क्षेत्र के विकास पर काम किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की बात कही।

**सुविधा: राजकीय बीज भंडारों पर उपलब्ध कराए गए बीज, अनुदान पर मिलेगी सुविधा**

# खरीफ 2026 के लिए बीज वितरण शुरू

- अधिकारियों के अनुसार, यदि आवेदन संख्या लक्ष्य से अधिक होती है तो किसानों का चयन ई-लॉटरी के जरिए किया जाएगा। चयनित किसान अपने विकास खंड के बीज भंडार से पीओएस मशीन पर सत्यापन के बाद बीज प्राप्त करेंगे।

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । खरीफ 2026 सीजन को लेकर बीज वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी Arvind Chaudhary ने बताया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर 310 कुंतल कैंचा बीज उपलब्ध कराया गया है। किसान ऑनलाइन बुकिंग के बाद 77.50 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से अनुदान पर बीज खरीद सकते हैं। यह सुविधा ऐट सोर्स अनुदान योजना के तहत दी जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में उर्वरकों की स्थिति संतोषजनक है। मई तक यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी और एमओपी की उपलब्धता लक्ष्य से अधिक दर्ज की गई है। वितरण के बाद भी सहकारिता और निजी क्षेत्र में यूरिया, डीएपी और अन्य उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होगी।



उर्वरकों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला कृषि कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। किसान 9455485475 नंबर पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### इन बीजों के लिए भी करना होगा आवेदन

खरीफ सीजन में धान, अरहर, उड़द, मूंग के बीज और मिनीकिट भी वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही श्री अन्न (मिलेट्स) के तहत ज्वार, बाजरा, सावां, कोदो और रागी के बीज उपलब्ध रहेंगे। तिलहनी मिनीकिट, संकर धान, संकर ज्वार और संकर मक्का के बीज भी शामिल हैं। इन सभी बीजों के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई 2026 तय की गई है। किसान स्वयं या जनसेवा केंद्र के माध्यम से बुकिंग कर सकते हैं।

# पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राम कुमार पाल का निधन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राम कुमार पाल का सोमवार को लखनऊ में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह संघतिया क्षेत्र के निवासी थे। रविवार को टांडा-बसखारी हाईवे पर पुंथर के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

हादसे के बाद उन्हें पहले स्थानीय स्तर पर उपचार दिया गया। हालत गंभीर होने पर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) लखनऊ रेफर किया गया। वहां से आगे इलाज के लिए मेदांता अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनका निधन हो गया।

राम कुमार पाल दो बार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा दो बार प्रदेश सचिव और कई बार उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य के रूप में जिम्मेदारी निभाई। वह संगठन में सक्रिय और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं में गिने जाते थे। कार्यकर्ताओं के मुद्दों को उठाने में उनकी भूमिका प्रमुख रही। उनका अंतिम संस्कार अमरौला घाट पर किया गया। अंतिम विदाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। स्थानीय नेताओं, विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी। सदरपुर मेडिकल कॉलेज स्थित पोस्टमार्टम हाउस पर सुबह से ही लोगों की भीड़ रही।



- सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद लखनऊ में इलाज के दौरान तोड़ा दम

# सम्पादकीय

## आग का सिलसिला



गर्मियां बढ़ते ही घरों, कारखानों और अन्य स्थलों में आग लगने की घटनाओं का सिलसिला तेज होना इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि अभी तो तापमान और ज्यादा बढ़ने के आसार हैं। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आग लगने की ज्यादातर घटनाएं एसी में ब्लास्ट अथवा शार्ट सर्किट होने की वजह से हो रही हैं। गत दिवस दिल्ली के विवेक विहार में एक चार मंजिला इमारत के फ्लैट में एसी में ब्लास्ट होने से इतनी भयंकर आग लगी कि अन्य फ्लैट भी उसकी चपेट में आ गए और नौ लोगों की जान चली गई। इसके एक दिन पूर्व दिल्ली के ही जौहरीपुर में एसी में ब्लास्ट होने से एक बच्चे की जान चली गई थी। इसके और पहले दिल्ली के ही निकट इंदिरापुरम में एक बहुमंजिला इमारत में शार्ट सर्किट से आग भड़की।

इस आग में लोगों की जान तो नहीं गई, लेकिन कई फ्लैट पूरी तरह से खाक हो गए। इस घटना में यह भी सामने आया कि गाजियाबाद का अग्निशमन विभाग ऐसे पर्याप्त उपकरणों से लैस नहीं था कि वह आग पर शीघ्र काबू पा पाता। ये घटनाएं तो केवल दिल्ली और उसके आसपास की हैं। ऐसी घटनाएं अन्य शहरों में भी सामने आ रही हैं और ज्यादातर के पीछे एसी अथवा किसी अन्य बिजली उपकरण में खामी-खराबी को रेखांकित किया जा रहा है। इसका मतलब है कि अपने यहां बिजली उपकरणों के निर्माण में गुणवत्ता संबंधी मानकों की अनदेखी हो रही है। ऐसा लगता है कि एसी के मामले में यह कुछ ज्यादा ही हो रहा है। जो भी हो, उन नियम-कानूनों को सही तरह से अमल में लाने की आवश्यकता है जो यह सुनिश्चित करते हैं कि बिजली उपकरणों का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता के हिसाब से हो।

अपने देश में बिजली समेत हर तरह के उपकरणों की गुणवत्ता के मानक तो बने हुए हैं, लेकिन आम तौर पर यह देखने में आता है कि ऐसे उपकरणों का निर्माण करने वाली कंपनियां उनकी अनदेखी ही करती हैं। दोयम दर्जे के उत्पादों का निर्माण उपभोक्ताओं के साथ किया जाने वाला छल ही है। कई बार तो यह छल जानलेवा साबित होता है। गुणवत्ताहीन उत्पादों का निर्माण कोई नई समस्या नहीं है। चूंकि इस समस्या का समाधान नहीं किया जा पा रहा है, इसलिए दोयम दर्जे के उत्पादों का बनना और बिकना जारी है।

हालांकि प्रधानमंत्री कई बार कह चुके हैं कि उद्यमियों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए, क्योंकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तभी छाप छोड़ सकते हैं, जब उनके उत्पाद विश्वस्तरीय होंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि उनकी बातों का भी कोई असर नहीं पड़ रहा है। ऐसे में भारतीय मानक ब्यूरो को और अधिक सजगता एवं सक्रियता का परिचय देना होगा। जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक लोगों को बिजली उपकरणों का उपयोग करने में अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी।

# अनुशासन जुल्म न बन जाए बच्चों को तोड़ती है कठोरपेरेंटिंग

भारतीय परिवारों में बच्चों पर करियर, विषय, जीवनशैली और यहां तक कि मित्र चुनने तक का दबाव असामान्य नहीं है। "हम तुमसे ज्यादा जानते हैं", "तुम्हारे भले के लिए कह रहे हैं"- इन वाक्यों के पीछे कई बार बच्चे की व्यक्तिगत पहचान दब जाती है।



कानपुर की एक अदालत की पांचवीं मंजिल से कूदकर जान देने वाले 24 वर्षीय प्रशिक्षु अधिवक्ता प्रियांशु श्रीवास्तव की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया। मरने से पहले लिखे गए उनके सुसाइड नोट में आर्थिक संकट, प्रेम प्रसंग या करियर असफलता का उल्लेख नहीं था। उसमें बार-बार बचपन से महसूस किए गए अपमान, भय, नियंत्रण और भावनात्मक घुटन का जिक्र था, जिसे उन्होंने अपने पिता की कठोरता से जोड़ा। हालांकि सुसाइड नोट में लिखी बातें व्यक्तिगत आरोप हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि जांच का विषय है, फिर भी यह घटना भारतीय पेरेंटिंग के उस चेहरे को सामने लाती है जिस पर समाज लंबे समय से आंखें मूंदे बैठा है।

"पापा जीत गए, उन्हें जीत मुबारक हो"—यह वाक्य सिर्फ एक बेटे की अंतिम पीड़ा नहीं बल्कि उस परवरिश मॉडल पर सवाल है जिसमें अनुशासन के नाम पर अपमान, नियंत्रण और डर को सामान्य मान लिया जाता है। यह घटना हमें मजबूर करती है कि हम पूछें—क्या हम अपने बच्चों को संवार रहे हैं या अनजाने में तोड़ रहे हैं?

हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने, अनुशासित रहे और जीवन में भटके नहीं। डांटना, टोकना, सीमाएं तय करना और गलतियों पर रोक लगाना पेरेंटिंग का स्वाभाविक हिस्सा है लेकिन समस्या तब शुरू होती है जब अनुशासन सम्मान के साथ न होकर अपमान के साथ दिया जाने लगे। जब हर गलती पर चरित्र पर हमला हो, हर असहमति को बदतमीजी कहा जाए, और हर निर्णय भय से मनवाया जाए, तब अनुशासन धीरे-धीरे जुल्म में बदल जाता है। सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करना, लगातार शक करना, हर गतिविधि पर नियंत्रण रखना और भावनाओं को महत्वहीन बताना बच्चे को सुधारता नहीं, भीतर से कमजोर करता है।

### सख्ती को संस्कार मानने की परंपरा

हमारे समाज में लंबे समय से यह धारणा रही है कि "मार-डांट से ही बच्चे बनते हैं।" अनेक माता-पिता अपनी कठोरता को प्रेम और जिम्मेदारी का हिस्सा मानते हैं। उन्हें लगता है कि डर रहेगा तो बच्चा अनुशासित रहेगा और गलत रास्ते पर नहीं जाएगा। कई बार वे गर्व से कहते हैं—"हमने भी अपने मां-बाप से मार खाई है, तभी कुछ बन पाए हैं।" लेकिन यह तर्क इस तथ्य को नजरअंदाज कर देता है कि हर पीढ़ी की मानसिक और भावनात्मक जरूरतें अलग होती हैं। आज का बच्चा केवल आदेश नहीं, संवाद चाहता है; केवल नियंत्रण नहीं, सम्मान चाहता है।

लगातार डांट, ताने, तुलना और अपमान झेलने वाला बच्चा धीरे-धीरे अपना आत्मविश्वास खोने लगता है। उसे महसूस होने लगता है कि वह कभी पर्याप्त अच्छा नहीं हो पाएगा। वह हर समय गलती के डर में जीता है और अपनी स्वाभाविक अभिव्यक्ति दबाने लगता है। ऐसे बच्चे बाहर से आज्ञाकारी दिख सकते हैं, लेकिन भीतर से लगातार चिंता, आत्मसम्मान की कमी और भावनाओं को दबाकर रखने की प्रवृत्ति से जूझ रहे होते हैं। कुछ बच्चे विद्रोही बन जाते हैं, कुछ पूरी तरह चुप। सबसे खतरनाक स्थिति तब होती है जब बच्चा अपनी पीड़ा व्यक्त करना ही बंद कर देता है।

हर बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, वकील या अफसर नहीं बनना चाहता। हर बच्चा एक जैसी क्षमताओं और रुचियों के साथ पैदा नहीं होता। जब उसकी पसंद, क्षमता और व्यक्तित्व की अनदेखी कर सिर्फ अपेक्षाएं थोपी जाती हैं, तो वह अपने ही जीवन से कटने लगता है।

बहुत से माता-पिता यह मानते हैं कि लोगों के सामने डांटने से बच्चा सुधर जाएगा, जबकि मनोविज्ञान बताता है कि सार्वजनिक अपमान बच्चे के आत्मसम्मान पर गहरा प्रहार करता है। घर वह स्थान होना चाहिए जहां बच्चा सबसे अधिक सुरक्षित महसूस करे। यदि वहीं उसे बार-बार बेइज्जती मिले, तो उसके लिए दुनिया में कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचता। बच्चों की गलतियां सुधारी जानी चाहिए, लेकिन उनकी गरिमा तोड़े बिना।

यह समझना भी जरूरी है कि अधिकतर कठोर माता-पिता अपने बच्चों से प्रेम करते हैं। वे चाहते हैं कि उनका बच्चा सफल बने, सुरक्षित रहे और जीवन में आगे बढ़े। समस्या उनके इरादों में नहीं, तरीकों में होती है। बहुत से माता-पिता स्वयं ऐसे माहौल में बड़े हुए होते हैं जहां भावनात्मक संवाद नहीं था—केवल आदेश, अनुशासन और डर था। इसलिए वे वही दोहराते हैं जो उन्होंने सीखा। लेकिन प्रेम यदि सम्मान के बिना हो, तो वह बच्चे को नियंत्रण जैसा महसूस होने लगता है।

आधुनिक पेरेंटिंग विशेषज्ञ जिस मॉडल की बात करते हैं, उसे फर्म बट फेयर पेरेंटिंग कहा जाता है—अर्थात सीमाएं स्पष्ट हों, लेकिन सम्मान के साथ। बच्चे को गलत पर टोका जाए, पर उसकी पूरी पहचान को गलत न ठहराया जाए। उसके व्यवहार की आलोचना हो, व्यक्तित्व की नहीं। उसे दिशा दी जाए, बेइज्जती नहीं। अच्छी पेरेंटिंग का अर्थ ढील देना नहीं, बल्कि ऐसा वातावरण बनाना है जिसमें बच्चा अनुशासन भी सीखे और आत्मसम्मान भी बचाए रखे।

कानपुर की यह घटना केवल एक परिवार की निजी त्रासदी नहीं, हमारे समय का सामाजिक आईना है। यह दिखाती है कि कितने बच्चे और युवा बाहर से सामान्य दिखाई देते हुए भीतर से टूट रहे हैं। हर आत्महत्या अचानक नहीं होती; उसके पीछे अक्सर वर्षों की अनकही पीड़ा, दबाव और भावनात्मक टूटन होती है। इसलिए हर माता-पिता को यह समझना होगा कि बच्चे सफलता से पहले इंसान हैं। उन्हें केवल अच्छा करियर नहीं, सुरक्षित मन भी चाहिए।

बच्चों को दिशा देना माता-पिता का कर्तव्य है, लेकिन उनकी आत्मा तोड़कर नहीं। अनुशासन जरूरी है, पर अपमान नहीं। अपेक्षाएं स्वाभाविक हैं, पर प्रेम शर्तों पर नहीं होना चाहिए। यदि घर में बच्चा अपने मन की बात कहने से डरता है, गलती पर सुधार की जगह बेइज्जती मिलती है और हर निर्णय भय से लिया जाता है, तो वह घर केवल मकान रह जाता है, परिवार नहीं।

**राजेश जैन**

## हनुमान तुम्हारा क्या कहना

कहते हैं वीर कौन तो जवाब आता है जो बाहरी शत्रुओं को पराजित कर दे।किन्तु महावीर कहना उसी के लिए उचित है जिसने अपने बाहरी शत्रुओं के साथ साथ भीतरी शत्रुओं को भी पराजित कर रखा हो।शायद रामभक्त हनुमान को महावीर की उपाधि इसीलिए दी गई।₹रामदूत मैं मातु जानकी सत्य शपथ करुणा निधान की₹ इन पंक्तियों में श्री हनुमान जी ने स्वयं माता जानकी को अपना परिचय दिया है,उन्होंने हमेशा प्रभु श्री राम के सेवक के रूप में अपना परिचय दिया है।हनुमान जी के अन्दर भगवान श्रीराम के प्रति अनन्य सेवा की भावना रही है।रामकाज में सारा जीवन उन्होंने समर्पित कर दिया।हनुमान जी ने भगवान राम के इतने काम किये कि प्रभु राम को भी कहना पड़ा कि हनुमान मैं तुम्हारे द्वारा किये गये कार्यों से उऋण नही हो सकता हूँ।हनुमान जी पवनसुत हैं,इसलिए वे वायु तत्व होने के नाते प्राणतत्व भी हैं।समूची प्रकृति उनकी उपस्थिति में पोषित है।जीव मात्र में हनुमान वायु स्वरूप में विद्यमान हैं।वायु तत्व के रूप में प्राणियों के अन्दर और बाहर हनुमंत स्वरूप ही नजर आता है।हनुमान जी प्राणतत्व हैं। जीवन की सुरक्षा उनका पहला काम है। रामकथा में भी उन्होंने लक्ष्मण को मूर्च्छा से निवृत्ति दिलायी। सुग्रीव को बालि के हाथों वध होने से बचाया।वानर समाज जब सीता की खोज में जा रहा था तो चलते चलते सभी थककर चूर हो गये तब स्वयंप्रभा की गुफा की ओर ले जाकर सभी को जलपान कराया,इस प्रकार वानरों की जान बचायी।जब सीता जी प्रभु श्री राम के वियोग अग्नि में जलने को उद्यत थीं,अशोक वाटिका में बैठी बैठी मरने का विचार करते हुए अशोक के वृक्ष से अग्नि मांग रही थीं,उस समय हनुमान जी ने रामदूत के रूप में आकर उन्हें दिलासा दी।उन्हें राम जी का संदेश देकर उनके दुख को दूर किया।

**रमा निवास तिवारी**


## स्वामी सत्यानंदजी के...

कुमार कृष्णन

# विश्व योग आंदोलन के प्रवर्तक स्वामी सत्यानंद सरस्वती का पदार्पण महोत्सव और तिरुपति बालाजी का आगमन

विश्व योग आंदोलन के प्रवर्तक स्वामी सत्यानंद सरस्वती का मुंगेर आगमन 6 मई 1957 को एक परिव्राजक संन्यासी के रूप में हुआ था। परिव्राजक के रूप में बिहार यात्रा के क्रम में छपरा के बाद 1956 में पहली बार मुंगेर आये. यहां की प्राकृतिक छटा उन्हें आकर्षित करती थी। यहां उन्होंने चातुर्मास भी व्यतीत किया। यहीं उन्हें दिव्य दृष्टि से यह पता चला कि यह स्थान योग का अधिष्ठान बनेगा और योग विश्व की भावी संस्कृति बनेगी। उनकी यह यात्रा मुंगेर को एक वैश्विक योग केंद्र (बिहार योग विद्यालय) बनाने की शुरुआत थी। इस ऐतिहासिक पदार्पण के 69 वर्ष पूरे होने पर 5-6 मई 2026 को मुंगेर में भव्य 'पदार्पण महोत्सव' और श्रीनिवास कल्याणोत्सवम् मनाया जा रहा है।

सबसे बड़ा संयोग है कि इस अवसर पर आंध्र प्रदेश से सड़क मार्ग से चल कर भगवान श्री तिरुपति बालाजी की उत्सव मूर्ति मुंगेर पहुंच रही है। इस ऐतिहासिक क्षण को मुंगेरवासियों के लिए यादगार बनाने को लेकर योगाश्रम और जिला प्रशासन की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती के अनुसार 2023 में सत्यानंद सरस्वती की जन्मशताब्दी धूमधाम से मनाई गई। इसकी गूंज पूरे दुनिया में हुई। पूरे भारत में हुई, पूरे बिहार में हुई। शताब्दी सौ वर्ष बाद मनाई जाती है। संन्यासियों की संख्या एक सौ नहीं, बल्कि एक सौ आठ है। इसलिए



2023 से 2031तक परमहंस स्वामी सत्यानंद की जयंती को पद्म जयंती के रूप में मनाया जा रहा है। इन वर्षों के दौरान देश में, विदेश में, राज्य में और नगर में विशेष आयोजन हो रहे हैं। इस वर्ष यह बिहार और मुंगेर का सौभाग्य है कि 6 मई को अपने गुरुदेव स्वामी सत्यानंद सरस्वती का प्रथम पदार्पण महोत्सव मनाने जा रहे हैं। इस समय तिरूपति बालाजी जी का आगमन मुंगेर में हो रहा है। तिरूपति वाला जी का आगमन छह तारीख को मुंगेर में होगा। प्रातः मुंगेर के पादुका दर्शन और आराधना होगी।

छह मई को पादुका दर्शन परिसर उत्तरवाहिनी गंगा तट पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम से आए विद्वान आचार्य श्रीनिवास कल्याणोत्सवम समस्त धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। इसके बाद पोलो ग्राउंड में चार बजे नगरवासियों को दर्शन देंगे।यह ऐतिहासिक क्षण होगा, जो बिहार के आध्यात्मिक इतिहास में अंकित किया जाएगा।

स्वामी सत्यानंद सरस्वती देश के ऐसे संत हुए, जिन्होंने न सिर्फ योग को पूरी दुनिया में फैलाया बल्कि सामाजिक चिंतन के जरिए विकास के मॉडल को पेश किया। वे विशुद्ध आत्मभाव से प्रेरित एवं 'लोकाः समस्ताः सुखिनो भवन्तु' के दिव्य भाव से संचालित थे।उनका वेदान्त शास्त्रीय अथवा किताबी नहीं , बिल्कुल व्यवहारिक, प्रयोगात्मक, उपयोगी एवं मानवतावादी है। उनका मानवतावाद आत्मभाव पर आधारित है।इसे उन्होंने आर्थिक, सामाजिक परिवर्तन की एक सशक्त विचारधारा, उत्तम साधन एवं सर्वोपयोगी उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया। स्वामी सत्यानंद का योग जहां व्यक्तित्व के शोधन-शुद्धिकरण-परिष्कार, उन्नयन-उत्थान विकास तथा ईश्वरीकरण की दिशा निश्चित करता है,उनका क्रांति दर्शन सामाजिक- आर्थिक परिवर्तन के सिद्धांत का प्रतिपादन एवं उसके क्रियान्वयन का मार्ग प्रशस्त करता है। स्वामी सत्यानंद के अनुसार-' योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थय की एक सुव्यवस्थित प्रणाली है। योग दर्शन के अनुसार- मानव तीन आधारभूत तत्त्वों- जीवनी शक्ति, या प्राण, मानसिक चित्त शक्ति या चित्त और आध्यात्मिक शक्ति या आत्मा का सम्मिश्रण है।'

स्वामी सत्यानंदजी के जीवन प्रवाह में भी हम पाते हैं कि पढ़- लिख कर भरे-पूरे परिवार से आने वाला एक 20 वर्षीय युवक अध्यात्म की राह पर चल पड़ता है। वह गुरु सेवा में लीन होने के बाद नचिकेता का वैराग्य प्राप्त कर 12 वर्षों बाद एक परिव्राजक के रूप में देश दुनिया में योग के प्रसार में लग जाते हैं। याद करें 1960 के दशक में योग के यह भ्रामक धारणा प्रचलित थी कि यह साधु सन्यासियों का विषय है,गृहस्थों और महिलाओं को योग नहीं करना चाहिए। ऐसे समय में स्वामी सत्यानंद ने योग की उपयोगिता सिद्ध की। आज जहां मुंगेर में विश्व प्रसिद्ध बिहार योग विद्यालय है, वह स्थान कर्णचौरा के नाम से जाना जाता था। किंवदन्ती के अनुसार राजा कर्ण इसी चबूतरे पर बैठकर प्रतिदिन सवा मन सोना दान करता था। उसी चबूतरे पर कई बार शयनकर रातें काटीं थीं। उस चबूतरे पर स्वामी जी को कई दिब्य अनुभव हुए। उन्होंने यहीं पर बैठकर संकल्प लिया कि जहां राजा कर्ण बैठकर सोना दान करता था, वहां से मैं विश्व को शांति बांटूंगा और योग को भविष्य की संस्कृति के रूप में विकसित करूंगा।

# औद्यानिक क्रांति से शाहजहांपुर में समृद्ध होते किसान

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के किसानों की आय में वृद्धि करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश की कृषि व्यवस्था में विविधता लाने और पारंपरिक खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों का समावेश करने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न औद्यानिक विकास योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में राज्य का उद्यान विभाग इन योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका उद्देश्य यह है कि प्रदेश का किसान अपनी मेहनत और उन्नत कृषि विधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। औद्यानिक फसलों, जैसे फल, सब्जी, और फूलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा सब्सिडी, तकनीकी प्रशिक्षण और बाजार उपलब्ध कराने जैसे ठोस कदम उठाए गए हैं। इन प्रयासों का व्यापक प्रभाव ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है और किसान परंपरागत फसलों के स्थान पर नकदी फसलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर इन योजनाओं का क्रियान्वयन जिला प्रशासन के कुशल निर्देशन में अत्यंत प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन (डप्क्भ्) जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं किसानों के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन ला रही हैं। जनपद शाहजहाँपुर में इस मिशन के अंतर्गत किए गए प्रयास एक मिसाल बनकर उभरे हैं। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप, प्रशासन ने किसानों को आधुनिक खेती के लिए प्रेरित किया और उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। इसी क्रम में शाहजहाँपुर के ग्राम गंगसरा पुवायाँ के एक प्रगतिशील किसान श्री गोविन्द सिंह की सफलता की गाथा उल्लेखनीय है। पूर्व में पारंपरिक खेती पर निर्भर रहने के कारण उन्हें बढ़ती लागत और घटती आय जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। प्रदेश सरकार की औद्यानिक विकास की योजनाओं और एकीकृत बागवानी विकास मिशन की जानकारी मिलने के बाद, उन्होंने जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में अपनी खेती की दिशा बदली। उन्होंने पारंपरिक फसलों के स्थान पर 2.00 हेक्टेयर क्षेत्र में अमरूद की बागवानी शुरू की। सरकार द्वारा प्रदान किए गए अनुदान और तकनीकी सहायता ने उनके इस निर्णय को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत अमरूद की उच्च गुणवत्ता वाले पौधों का रोपण निर्धारित मानकों के अनुसार किया गया। इस परियोजना में प्रति हेक्टेयर लगभग 1.50 लाख रुपये की लागत आई, जिसमें सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता ने किसान का मनोबल बढ़ाया। जब फसल तैयार हुई, तो विपणन की समस्या को दूर करने के लिए भी प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन के तंत्र ने सहयोग किया। उद्यान विभाग और मण्डी समितियों के समन्वय से फसल को सीधे प्रक्षेत्र से ही व्यापारियों द्वारा क्रय कर लिया गया, जिससे किसान को बिचौलियों से मुक्ति मिली और उपज का उचित मूल्य प्राप्त हुआ। श्री गोविन्द सिंह को समस्त खर्चे निकालने के बाद लगभग 2.00 से 2.25 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर का शुद्ध मुनाफा प्राप्त हुआ। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत आय में वृद्धि है, बल्कि यह इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि कैसे सरकारी योजनाओं का सही उपयोग खेती को एक लाभकारी व्यवसाय बना सकता है। इसी प्रकार, प्रदेश सरकार द्वारा संरक्षित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पॉलीहाउस और शेडनेट हाउस जैसी आधुनिक बुनियादी सुविधाओं के लिए भारी सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

## जरा हटके

## रोजगार के साथ...

सोनी सिंह, सूचना अधिकारी

# वैश्विक रोजगार की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश

योगी सरकार की पहल से युवाओं को मिले अंतर्राष्ट्रीय अवसर



उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में अब इसे वैश्विक स्तर तक विस्तार देने की ठोस रणनीति अपनाई गई है। सरकार द्वारा प्रदेश के युवाओं को अब न केवल देश के भीतर, बल्कि विदेशों में भी रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। सेवायोजन निदेशालय के माध्यम से संचालित 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी बनकर उभरा है, जिसने राज्य के युवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय अवसरों के द्वार खोल दिए हैं।

उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलाने की प्रक्रिया अब व्यवस्थित और संस्थागत रूप ले चुकी है। इस कार्य के लिए मिशन द्वारा विदेश मंत्रालय, भारत सरकार से आधिकारिक रिक्रूटिंग एजेंसी का लाइसेंस प्राप्त किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विदेशों में रोजगार की प्रक्रिया सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय तरीके से संचालित हो। प्रदेश के हजारों युवाओं को इजराइल जैसे देशों में निर्माण क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। लगभग 9000 निर्माण श्रमिकों का चयन किया गया, जिनमें से 6004 श्रमिक विदेशों में जा चुके हैं। इससे प्रदेश को प्रतिवर्ष लगभग 1400 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा रेमिटेंस की प्राप्ति होगी। जो राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगें। इसके अतिरिक्त, 1336 श्रमिकों को इजराइल भेजने की प्रक्रिया जारी है और फरवरी 2026 में भी 245 श्रमिकों का चयन किया गया है। इन श्रमिकों को आवश्यक औपचारिकताओं जैसे पुलिस वेरिफिकेशन और स्वास्थ्य परीक्षण के बाद विदेश भेजा जाएगा। रोजगार मिशन की पहल केवल निर्माण क्षेत्र तक सीमित नहीं है। वर्तमान में 5000 केयरगिवर्स को इजराइल और जापान में तथा 1000 नर्सों को जर्मनी में भेजने की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश सरकार द्वारा की गई पहल से उत्तर प्रदेश के युवाओं को स्वास्थ्य सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी अंतरराष्ट्रीय अवसर मिल रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश के कुशल, अर्द्धकुशल एवं तकनीकी कामगारों को दुबई और ओमान जैसे देशों में लगभग 2000 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों द्वारा किया गया है। यह विविधता इस बात का संकेत है कि प्रदेश के युवाओं की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है और वे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं।

प्रदेश में रोजगार सृजन के लिए रोजगार मेलों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। सेवायोजन निदेशालय द्वारा आयोजित इन मेलों के माध्यम से निजी क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2026 तक 13,698 रोजगार मेलों और कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से 17,26,163 अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इन रोजगार मेलों ने युवाओं और नियोक्ताओं के बीच एक प्रभावी सेतु का कार्य किया है।

रोजगार के साथ-साथ सही मार्गदर्शन भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा बड़े पैमाने पर करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2026 तक 29,172 काउंसलिंग कार्यक्रमों में 33,11,737 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के विभिन्न विकल्पों की जानकारी दी गई, जिससे वे अपने कैरियर को सही दिशा में आगे बढ़ा सकें।

रोजगार मिशन के तहत 'इंडस्ट्री कनेक्ट' कार्यक्रमों का आयोजन कर उद्योगों और युवाओं के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। 22 अगस्त 2025 को ग्रेटर नोएडा में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कंपनियों, शिक्षण संस्थानों और विभागीय अधिकारियों ने भाग लिया। इस तरह के कार्यक्रमों से उद्योगों की आवश्यकताओं और युवाओं के कौशल के बीच सामंजस्य स्थापित होता है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और स्किल गैप को कम करने में मदद मिलती है। प्रदेश में आयोजित रोजगार महाकुंभ कार्यक्रमों ने भी रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अगस्त 2025 में लखनऊ में आयोजित रोजगार महाकुंभ में 16,212 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिनमें से 1612 युवाओं को यू0ए0ई और ओमान जैसे देशों में रोजगार के अवसर मिले है। इसी प्रकार गोरखपुर में आयोजित इंटरनेशनल प्लेसमेंट इवेंट और वाराणसी में आयोजित काशी सांसद रोजगार महाकुंभ में भी हजारों युवाओं का चयन हुआ। प्रदेश में रोजगार के अवसरों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। वाराणसी में आयोजित इंटरनेशनल मोबिलिटी कॉनक्लेव में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, रिक्रूटिंग एजेंसियों और सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मंच पर सुरक्षित और नैतिक प्रवासन (म्जीपबंस डपहतंजपवद) पर विशेष चर्चा की गई।

इसके अलावा यूरोपियन यूनियन के साथ संयुक्त कार्यशाला का आयोजन कर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत किया गया। इस प्रकार के प्रयास यह सुनिश्चित करते हैं कि प्रदेश के युवाओं को विदेशों में सुरक्षित और सम्मानजनक रोजगार मिले। महिलाओं को रोजगार के क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए 'पिंक रोजगार महाकुंभ' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 2765 महिला अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिनमें से 79 महिलाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर मिले। यह पहल दर्शाती है कि योगी सरकार महिलाओं को भी वैश्विक रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रयागराज में राजनाथ सिंह ने कहा- हमें सरप्राइज एलिमेंट पर प्रो-एक्टिव होकर काम करना है

# डिफेंस की तरह नॉलेज कॉरिडोर तैयार करें : राजनाथ सिंह

**उद्घाटन**

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में सोमवार को उत्तर प्रौद्योगिकी संगोष्ठी (नॉर्थ टेक सिम्पोजियम) 2026 की शुरूआत हो गई। इसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने कहा- डिफेंस कॉरिडोर की तरह नॉलेज कॉरिडोर तैयार करें। उन्होंने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया को हमारी ताकत का एहसास हो गया है। उन्होंने कहा- मैं प्रो-एक्टिव तैयारी की बात कर रहा हूं। वो है सरप्राइज एलीमेंट। हमें ऐसी क्षमताएं भी विकसित करनी है जो जरूरत पड़ने हम ऐसा प्रहार कर सकें जिससे



दुश्मन सरप्राइज हो जाए। मुझे पता है कि हमारी सेना इस ओर काम कर रही हैं। अब हमें प्रो-एक्टिव होकर काम करना है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण हमारे सामने है। इस ऑपरेशन के एक साल पूरे हो चुके हैं। जब भी ऑपरेशन सिंदूर की बात आती है तो मुझे अपनी सेनाओं के शौर्य स्वाभाविक रूप से याद आता है। आतंकियों को और उनके सरपरस्तों को जो मुहंतोड़ जवाब हमारे सैनिकों ने दिया उससे पूरे देश का सिर गौरव के साथ ऊंचा हो गया। ये तो अच्छा हुआ कि हमने धैर्य दिखाते हुए केवल आतंकवादियों का सफाया किया। नहीं तो हमारी सेनाएं क्या कुछ करने में सक्षम नहीं हैं। इसका अंदाजा पूरी दुनिया को अब हो चुका है।

### लाइव डेमोंस्ट्रेशन में लॉजिस्टिक्स ड्रोन को उड़ाया गया

प्रयागराज के न्यू कैंट के फायरिंग रेंज में सेना में लाइव डेमोंस्ट्रेशन चल रहा है। इस हाई एल्टीट्यूड लॉजिस्टिक्स ड्रोन को उड़ाकर इसका लाइव डेमोंस्ट्रेशन किया जा रहा है। सिम्पोजियम में सेना में इस्तेमाल होने वाली नई तकनीकों और आधुनिक उपकरणों का लाइव डेमो भी दिखाया जा रहा है। जिससे लोग समझ सकें कि ये तकनीकें कैसे काम करती हैं।



नॉर्थ टेक सिम्पोजियम के उद्घाटन के मौके पर मौजूद सेना के अधिकारी।

### आगे बढ़ने का एक ही मंत्र है एडप्टबिलिटी

रक्षामंत्री ने कहा- साथियों आज के परिवेश में आगे बढ़ने का एक ही मंत्र है, एडप्टबिलिटी। बदलती परिस्थितियों में खुद का बदलना ही हमारी प्रायोरिटी होनी चाहिए। जो देश तकनीकी क्रांति को तेजी से एडाप्ट करेगा वही फ्यूचर वार फेयर में तेजी से आगे निकलेगा। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी रहे। भारतीय सेना की उत्तरी कमान, मध्य कमान और सोसायटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (SIDM) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित और तीन दिन चलने वाले इस सिम्पोजियम (4-6 मई) में स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकियों के प्रदर्शन और एकीकरण का प्रमुख मंच बनेगी।

### रक्षा मंत्री ने कहा- हमें एक्टिव ही नहीं प्रो-एक्टिव रहना है

रक्षा मंत्री ने कहा- साथियों ऑपरेशन सिंदूर अपने आप में टेक्नोलॉजिकल वार फेयर का एक नमूना है। इस ऑपरेशन में आकाश और ब्रह्मोस जैसी मिसाइल के लेटेस्ट सिस्टम को शामिल किया गया।

मैंने हमेशा आर्म फोर्सेस और डिफेंस को बराबर एक बात कही है। हमने सिर्फ एक्टिव नहीं बल्कि प्रो एक्टिव भी रहना है। हर प्रकार की स्थिति के लिए तैयार रहना है। क्योंकि आज के समय कब क्या हो जाए कुछ भी संभावित नहीं है। अन्य क्षेत्रों में जैसे चिकित्सा और शिक्षा में अगर कोई नई टेक्नोलॉजी आती है तो उसे एक-दो साल में भी अपना सकते हैं। जो स्वाभाविक रूप से संभल जाती है।

## पश्चिम बंगाल पर विजय सनातन की विजय है : धर्म रक्षा संघ

तमसा संकेत, संवाददाता

वृंदावन । धर्म रक्षा संघ की एक धर्म गोष्ठी महंत दशरथ दास महाराज की अध्यक्षता में हनुमान टेकरी आश्रम, वृन्दावन में आयोजित की गई। धर्म गोष्ठी में आए चुनाव परिणाम में सनातन की विजय और पश्चिम बंगाल के भगवाकरण पर साधु-संतों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। धर्म रक्षा संघ के कार्यकारी अध्यक्ष *महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज* ने कहा कि पश्चिम बंगाल का ममता बनर्जी ने पूरी तरीके से इस्लामीकरण कर दिया था लेकिन आज के चुनाव परिणाम से उनके हिन्दू विरोधी मंसूबे ध्वस्त हो गये।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष *सौरभ गौड़* ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर कहा कि पश्चिम बंगाल में सिर्फ भाजपा की ही नहीं बल्कि भारत राष्ट्र की विजय हुई है, क्योंकि ममता बनर्जी ने ऐसे हालात पैदा कर दिए थे कि पश्चिम बंगाल घुसपैठियों और इस्लामी जिहादियों का गढ़



बनकर रह गया था। डॉ. मनोज मोहन शास्त्री* ने कहा कि पश्चिम बंगाल भक्ति की भूमि है जिसे ममता बनर्जी ने पूरी तरीके से इस्लामी जिहादियों के हाथ सौंप दिया था अब पश्चिम बंगाल उन जिहादियों से मुक्त हो गया है।

धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय महासचिव *महंत अतुल कृष्ण दास महाराज* ने कहा कि हिंदू विरोधी सरकार जाने के बाद अब पश्चिम बंगाल में सनातनी बिना किसी भय के अपने धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर सकेंगे। धर्म गोष्ठी में आचार्य बद्रीश महाराज, आचार्य ज्ञानेश महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी रामदास महाराज, श्रीदास प्रजापति, आदि उपस्थित थे।

**फास्ट न्यूज**

### ड्रग माफिया अज्जन की 1.5 करोड़ की संपत्ति कुर्क

बाराबंकी। बाराबंकी पुलिस और प्रशासन ने ड्रग माफिया मिस्बाहुर्रहमान उर्फ अज्जन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उसकी करीब 1.5 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की गई है। यह कार्रवाई सीजिंग/फ्रीजिंग अथॉरिटी, न्यायनिर्णायक प्राधिकारी नई दिल्ली के आदेश पर NDPS एक्ट 1985 की धारा 68F(2) के तहत की गई।

### गोरखपुर में बिच्छू गैंग के सात बदमाशों को दबोचा

गोरखपुर। गोरखपुर की कैंट पुलिस ने बसों में बैग काटकर सामान चोरी करने वाले बिच्छू गैंग के सात गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने कुछ दिन पहले गोरखपुर से फाजिलनगर जा रही बस में वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने इन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिरोजाबाद जिले के कॉलोनी लाइनपार के संत नगर चंदवार गेट निवासी विवेक कुमार, ललितेश, नरेंद्र, अर्जुन, हाथरस के सहपऊ इलाके के उधैना निवासी मुकेश कुमार और फिरोजाबाद जिले के उत्तर थाना क्षेत्र के जैन नगर निवासी नीरज कुमार के रूप में हुई।

### राजकुमार हत्याकांड का आरोपी गट्टू यादव रिहा

गोरखपुर । गोरखपुर में 17 मार्च की सुबह 6:15 बजे बरगदवा निवासी राजकुमार चौहान की चाकू मारकर हत्या की गई थी। इसमे आरोपी बनाए गए लालजी यादव उर्फ गट्टू की गिरफ्तारी को हाईकोर्ट ने अवैध घोषित कर दिया। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका की सुनवाई में अहम फैसला देते हुए लालजी यादव को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है।

## मथुरा में 83 किलो गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर महुअन टोल प्लाजा के पास पुलिस और नारकोटिक्स टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। इस कार्रवाई में करीब 83 किलो गांजा पकड़ा गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 41 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरह थाना पुलिस और नारकोटिक्स विभाग को सूचना मिली थी कि ट्रक के जरिए गांजे की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर महुवां टोल प्लाजा के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें बड़ी मात्रा में गांजा छिपाकर रखा गया था। नारकोटिक्स टीम प्रभारी हरवेंद्र मिश्रा ने बताया कि बरामद गांजा उड़ीसा से लाया जा रहा था और इसे आगे किसी अन्य स्थान पर सप्लाई किया जाना था। पुलिस ने मौके से अशोक और सतीश नामक दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है ताकि तस्करी के पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच में जुटी है कि यह खेप कहां पहुंचाई जानी थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## अयोध्या से लौट रहे थे, सूचना पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर से कार के गेट को काटकर घायलों को बाहर निकाला

# 100 की स्पीड में ट्रक में घुसी टवेरा

तमसा संकेत, एजेंसी

जालौन। जालौन में 100 की रफ्तार में टवेरा कार हाईवे पर पीछे से ट्रक में घुस गई। हादसे में 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हैं। टवेरा सवार अयोध्या से रामलला के दर्शन कर ललितपुर जा रहे थे। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें सवार लोग आधे घंटे तक अंदर ही तड़पते रहे।

हादसे का वीडियो सामने आया है। इसमें सीट और डैश बोर्ड में तीन युवक चिपके हुए दिख रहे हैं। दो की थोड़ी देर में मौत हो गई। जबकि तीसरा युवक चिल्लाता रहा- भाई, साहब बचा लो.। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर से कार के गेट को काटकर घायलों को बाहर निकाला। हादसा झांसी-कानपुर हाईवे पर शहर से 55 किमी दूर कालपी में हुआ। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण हादसा



**8 की मौत**

> हादसे में मरने वालों की पहचान शशिकांत त्रिपाठी, कृष्णकांत नायक, दीपक तिवारी, स्वामी प्रसाद तिवारी, मनोज भोंडले, देशराज नामदेव, उमेश और ब्रजभूषण के रूप में हुई है। घायलों में हरिमोहन, अंशुल और भूषण तिवारी शामिल हैं।

हुआ। श्रद्धालुओं ने सीट बेल्ट नहीं लगाई थी, जिस वजह से एयरबैग भी नहीं खुले। इसी कारण हादसे में 8 लोगों की जान चली गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोग दौड़कर पहुंचे। देखा तो कार में लोग बुरी तरह फंसे हुए थे। उन्हें निकालने की कोशिश की गई, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गैस कटर मंगवाया। इसके बाद कार के दरवाजे काटे गए और सभी को बाहर निकाला गया। तब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने 6 लोगों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। लेकिन वहां वार्ड बॉय मौजूद नहीं था। मरीज करीब 10 मिनट तक एम्बुलेंस में ही तड़पते रहे। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह घायलों को बाहर निकाला और इमरजेंसी वार्ड में पहुंचाया। यहां दो और लोगों की मौत हो गई। बाकी 4 को प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर कानपुर रेफर कर दिया गया। हैलट कानपुर में इलाज के दौरान दो और की मौत हो गई। डीएम राजेश कुमार पांडेय ने बताया महरौनी के रहने वाले श्रद्धालु 30 अप्रैल को राम-जानकी मंदिर में आयोजित मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने आए थे।



### मरीज 10 मिनट तक एंबुलेंस में तड़पते रहे

ललितपुर के महरौनी के रहने वाले शशिकांत तिवारी (49) अपने परिजनों और रिश्तेदारों के साथ अयोध्या दर्शन के लिए गए थे। कार में 10 लोग सवार थे। सोमवार तड़के दर्शन के बाद कार से लौट रहे थे। सुबह 6 बजे जैसे ही उनकी कार कालपी क्षेत्र के जोल्हूपुर मोड़ के पास पहुंची, ड्राइवर को झपकी आ गई, जिससे टवेरा अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्रक से टकरा गया।

## संदीप की सफलता की खबर जैसे ही गांव पहुंची, पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई

# किसान परिवार के बेटे ने युवाओं के लिए बना मिसाल

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। जहां एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों के युवा संसाधनों की कमी को अपनी राह की बाधा मान लेते हैं, वहीं साढेमऊ बाजार के संदीप कुमार गौतम ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत के दम पर हर मुश्किल को पार किया जा सकता है। साधारण किसान परिवार से निकलकर उन्होंने जूनियर ड्रग एनालिसिस के पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

रविवार को लखनऊ में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री Yogi Adityanath ने संदीप को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर ने



उनके वर्षों के संघर्ष और तपस्या को सार्थक बना दिया।

संदीप का सफर किसी प्रेरणादायक कहानी से कम नहीं है। सीमित आय वाले परिवार में जन्मे संदीप के पिता कमलेश कुमार खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद परिवार ने कभी उनकी पढ़ाई में कमी नहीं आने दी। संदीप ने भी हर परिस्थिति को चुनौती मानकर अपने लक्ष्य पर फोकस बनाए रखा। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, फतेहपुर (बाराबंकी) से पूरी की और इसके बाद Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University (ए.के.टी.यू.), लखनऊ से बी.फार्मा की डिग्री हासिल की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में करियर बनाने का लक्ष्य तय कर लिया था और उसी दिशा में लगातार मेहनत करते रहे।



> संदीप की कहानी यह बताती है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो संसाधनों की कमी भी रास्ता नहीं रोक सकती। आज वे उन हजारों युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके हैं, जो छोटे गांवों से बड़े सपने देखते हैं।

### क्षेत्र का बढ़ा मान-सम्मान

संदीप की इस उपलब्धि से सूरतगंज क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। स्थानीय लोगों का मानना है कि उनकी सफलता से गांव के अन्य युवाओं में भी प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस तरह, एक किसान के बेटे की यह सफलता सिर्फ नौकरी पाने की कहानी नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और सपनों को सच करने की मिसाल बन गई है।

## बहराइच: पयागपुर पुलिस का दमदार एक्शन

### 24 घंटे में 4 लापता लड़कियां सकुशल बरामद

तमसा संकेत, संवाददाता

बहराइच । पयागपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपनी मुस्तैदी, तकनीकी दक्षता और तेज़ एक्शन का परिचय देते हुए महज 24 घंटे के भीतर चार लापता लड़कियों को सकुशल बरामद कर शानदार सफलता हासिल की है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में चली इस सटीक कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पयागपुर पुलिस हर चुनौती से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। जानकारी के अनुसार चारों लड़कियां आधार कार्ड और नकदी लेकर अचानक घर से लापता हो गई थीं, जिससे परिजनों में दहशत का माहौल बन गया था। सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना समय गंवाए तत्काल एफआईआर दर्ज कर हाई-प्रोफाइल तरीके से जांच शुरू की। सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस टीम ने तेजी से लोकेशन ट्रैक कर दिल्ली तक का




सुराग निकाला। इसके बाद पयागपुर पुलिस ने जबरदस्त तालमेल और रणनीति के साथ दिल्ली में ऑपरेशन चलाकर चारों लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर लिया। इस पूरे ऑपरेशन में पुलिस की सतर्कता, सक्रियता और पेशेवर अंदाज साफ तौर पर देखने को मिला। बरामद लड़कियों में दो सगी बहनें भी शामिल हैं, जिन्हें सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। इस सफल कार्रवाई से न सिर्फ परिजनों को राहत मिली है बल्कि आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा और भी मजबूत हुआ है। पयागपुर पुलिस की इस कड़क और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा का संदेश स्पष्ट रूप से गया है।

## वारदात : 35 साल की दोस्ती, सहारनपुर में स्कूटी से घुमाने के बहाने ले गई, बोली- मैं डर गई थी

# सहेली के बेटे को नहर में धक्का देकर मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी


सहारनपुर। सहारनपुर में एक महिला ने अपनी ही सहेली के 14 साल के बेटे की हत्या कर दी। उसका सहेली से 6 लाख रुपए को लेकर झगड़ा हुआ था। नाराज महिला ने 1 मई को घर के बाहर टहल रहे बच्चे को घुमाने के बहाने स्कूटी पर बैठाया। फिर उसे 8 किमी दूर बड़ी नहर के पास ले जाकर धक्का दे दिया।

बच्चा काफी देर तक नहीं लौटा, तो घरवालों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इसके बाद थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जांच की तो CCTV में महिला बच्चे को स्कूटी से ले जाती हुई दिखाई दी।

पुलिस ने 1 मई (शुक्रवार) को




महिला को गिरफ्तार कर लिया। उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया। इसके बाद शनिवार को नहर से बच्चे का शव बरामद किया गया। खबर मिलते ही बच्चे की मां रो-रोकर बेसुध हो गई। घटना थाना सिटी क्षेत्र की है। बाल कृष्ण भारती नुमाइश कैंप इलाके में परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में पत्नी ज्योति और 4 बेटे अनुराग, विशाल, विकास और अंशुमान (14) थे। अनुराग सबसे बड़ा और अंशुमान सबसे छोटा था।



ये तस्वीर आरोपी पूजा की है। उसका अंशुमान की मां से पैसे को लेकर झगड़ा चल रहा था।

### भाई बोला- मम्मी की लड़ाई का बदला लिया

बड़े भाई अनुराग ने बताया- मेरा भाई अंशुमान 1 मई को दोपहर 2:04 बजे छोटे चौक से गायब हुआ था। कल सुबह उसकी बॉडी मिली है। डेढ़ साल पहले पूजा से हमारी लड़ाई हुई थी। उसने उसी लड़ाई का बदला मेरे भाई से लिया है। हमारे घर उसका आना-जाना था। वह हमारे भाइयों पर हाथ उठाती थी, जिसका हमने विरोध किया था। उसकी बेटी ने भी इसका विरोध किया था। पूजा ने धमकी दी थी कि आने वाले समय में सबक सिखाएगी। अब डेढ़ साल बाद उसने मेरे भाई के साथ यह हरकत की है।

### सीसीटीवी में महिला बच्चे को स्कूटी से ले जाती दिखी

अंशुमान काफी देर तक घर नहीं लौटा, तो घरवालों को शक हुआ। उन्होंने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जब आसपास के CCTV चेक किए, तो एक महिला अंशुमान को स्कूटी पर ले जाती हुई दिखाई दी। घरवालों ने महिला की पहचान पूजा के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने उसे घर से हिरासत में ले लिया।

### 2 दिन बाद नहर में उतराता मिला बच्चे का शव

पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो पूजा ने बताया कि उसने बच्चे को नहर में धक्का दे दिया था। शनिवार को उसकी निशानदेही पर बड़ी नहर में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। दो गोताखोर दिनभर तलाश करते रहे, लेकिन बच्चे का पता नहीं चला। रविवार को नहर के पास से गुजर रहे राहगीरों ने बच्चे का शव पानी में उतराता देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। अंशुमान के परिजनों को भी बुलाया गया, जिन्होंने शव की पहचान की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रभारी मंत्री ने जिला महिला व पुरुष चिकित्सालय का किया निरीक्षण

### साफ-सफाई, गुणवत्ता व व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

बराबंकी । जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री (कारागार) सुरेश राही अपने प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पहुंचे। सर्वप्रथम उनका आगमन पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुआ, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। भ्रमण के दौरान मा० मंत्री द्वारा निरीक्षण की शुरुआत जिला महिला चिकित्सालय से की गई। उन्होंने ओपीडी कक्ष, मॉडल इम्यूनाइजेशन सेंटर सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने मरीजों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं



की जानकारी प्राप्त की। भर्ती मरीजों पूनम एवं संध्या से भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता के संबंध में भी जानकारी ली।

प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि स्वच्छता के प्रति किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अल्ट्रासाउंड कक्ष सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा




अस्पताल के रसोईघर में पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता का भी परीक्षण किया। इसके उपरांत जिला पुरुष चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। यहां उन्होंने दवा काउंटर पर दवा ले रहे मरीजों से बातचीत कर फीडबैक प्राप्त किया तथा ओपीडी में लगने वाले समय एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। आयुष्मान मित्र कक्ष का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## सोते वक्त 2 परिवार के 12 लोग फंसे ■ लाखों के सामान जलकर खाक

# भीषण आग, बाप-बेटी की दम घुटने से मौत

**दुर्घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ। मेरठ के एक मकान में लगी भीषण आग में दम घुटने से 8 साल की बच्ची और उसके पिता की मौत हो गई। जबकि 2 परिवार के 10 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। जिस समय आग लगी उस समय उस मकान में रह रहे लोग सो रहे थे। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने पूरे मकान को चपेट में ले लिया, चारो तरफ आग और धुआं फैल गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियां पहुंच गईं। रेस्क्यू कर लोगों को बाहर निकाला गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार मध्यरात्रि के बाद की यह घटना पल्लवपुरम थानाक्षेत्र के रोशनपुर डोरली की है। डॉक्टर्स के अनुसार, इलाज के दौरान बच्ची और उसके पिता की मौत हो गई। दोनों के फेफड़ों में धुआं भर गया था। जबकि अन्य 10 लोगों का इलाज चल रहा। आग लगने की वजह फिलहाल सामने नहीं आ सकी है। हालांकि, शार्ट सर्किट से आग की आशंका जताई जा रही।

रोशनपुर डोरली में किला परीक्षि-तगढ़ के रहने वाले सतीश का एक मकान है। मकान के आगे के हिस्से में दो दुकानें हैं। दोनों दुकानों में कृष्ण पाल टेंट हाउस चलाते हैं। इसके अलावा पीछे के हिस्से में 5 कमरे और दो किचन है।

इसमें दो परिवार किराए पर रहता है। पहला परिवार सागर गिरी का है। वह अपनी मां कांति, पत्नी ज्योति, 8 साल की बेटी शिवानी और दोनों बेटे शिव और करण के साथ रह रहे थे। जबकि दूसरा परिवार संजय का है।



■ यह तस्वीर रात में लगी आग के दौरान की है। मकान का पूरा हिस्सा आग की चपेट में दिख रहा है।

### रात करीब डेढ़ बजे लगी आग

पड़ोसियों के अनुसार, रविवार मध्य रात्रि के बाद करीब 1.30 बजे अचानक आग लग गई। आग कुछ ही पल में पूरे मकान को चपेट में ले ली। अंदर परिवार के लोग सो रहे थे। वे जबतक जागते आग ने पूरी मकान को चपेट में ले लिया। आग की लपटों को देखकर कुछ लोगों ने फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट को फोन किया। सूचना पर पल्लवपुरम थाने की पुलिस के अलावा दमकल की दो गाड़ियां पहुंची। आग पर काबू पाने की कोशिशों के साथ अंदर फंसे लोगों का रेस्क्यू कराया जाने लगा। सभी 12 लोगों को बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से झुलसे होने की वजह से उनको पास के ग्लोबल अस्पताल पहुंचाया गया।



### पिता-पुत्री ने दम तोड़ा, 10 झुलसे

फायर ब्रिगेड ने 12 लोगों को मकान से बाहर निकाला। सागर गिरी (35 वर्ष) और उनकी 8 साल की बेटी शिवानी की दम घुटने से मौत हो गई। डॉक्टर्स ने बताया कि दोनों के फेफड़ों में काफी धुआं भर चुका था। जबकि सागर की मां क्रांत, पत्नी ज्योति, बेटे शिव और करण का इलाज चल रहा।

आगलगी के वक्त संजय घर पर नहीं थे। उनके परिवार में पत्नी सरिता, बेटी भावना, बेटे आशु, प्रिंस और करण बुरी तरह झुलस गए हैं। उनके घर आए अरुण पुत्र रोहताश भी अस्पताल में भर्ती हैं।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस बढ़ोतरी पर बवाल

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि को लेकर सोमवार को छात्रों ने एक बार फिर प्रदर्शन किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान 'वीसी मुर्दाबाद' और 'फीस वापस लो' जैसे नारे लगाए गए। छात्र तख्तियां लेकर सड़क पर बैठ गए और धरना दिया। इस दौरान छात्रों ने कहा फीस वापसी का निर्णय नहीं लिया तो बड़ा आंदोलन होगा।

युवजन सभा के प्रिंस ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन को 6 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर फीस वापस का फैसला नहीं लिया गया, तो बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। प्रिंस ने बताया कि उनकी दो प्रमुख मांगें हैं। पहली, पुराना फीस स्ट्रक्चर लागू किया जाए। दूसरी, आंदोलन में शामिल छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं और निलंबन बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्र अपराधी नहीं हैं, उन्हें पढ़ने का अधिकार मिलना चाहिए। मौके पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य पहुंचे और छात्रों को शांत कराने की कोशिश की। हालांकि छात्रों ने उनको देख विरोध और तेज कर दिया। एलयू के सदस्यों ने छात्रों को मौके पर कुलपति के आने की बात कहकर शांत कराया। छात्रों के बढ़ते विरोध को देखते हुए मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रदर्शन के दौरान स्टूडेंट्स की चीफ प्रॉक्टर राकेश द्विवेदी के साथ नोकझोंक भी हुई।

■ सड़क पर बैठे छात्र बोले- नहीं मानी बात, तो होगा बड़ा आंदोलन

**फास्ट न्यूज**

### महिला अधिवक्ता से मारपीट में दरोगा समेत 3 लाइन हाजिर

आगरा । आगरा में पीड़ित की पैरवी करने थाने पहुंची महिला अधिवक्ता से छेड़छाड़ और मारपीट के आरोप में डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने लोहामंडी थाने के दरोगा समेत तीन को लाइन हाजिर किया है। न्यायालय को भेजी रिपोर्ट में उन्होंने पुलिस-कर्मियों को अनुशासनहीनता का दोषी बताया है। मंटोला थाना क्षेत्र की महिला अधिवक्ता 11 मार्च को एक मारपीट के मामले में पीड़ित के साथ लोहामंडी थाने में तहरीर देने गई थी।

### स्मार्ट मीटर पर फूटा सपाइयों का गुस्सा, विरोध-प्रदर्शन

आगरा। आगरा में स्मार्ट मीटर का विरोध लगातार जारी है। समाजवादी पार्टी ने सोमवार को इसके विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। धौलपुर हाउस से कलेक्ट्रेट के लिए पैदल मार्च निकाल रहे सपाइयों को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। धौलपुर हाउस का गेट बंद किया। इस पर पुलिस और सपा कार्यकर्ताओं में नोकझोंक हुई। कई कार्यकर्ता गेट पर चढ़ने लगे। इस दौरान वह घायल होने से बचे। समाजवादी पार्टी ने स्मार्ट मीटर प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर में बिल क्यों नहीं दिया जाता।

### आगरा पब्लिक स्कूल की बस से हादसा

आगरा । आगरा के थाना सिकंदरा अंतर्गत हाईवे से अकबरा रोड पर स्कूली बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने शव स्कूल प्रांगण में रखकर आर्थिक सहायता की मांग करते हुए हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची सिकंदरा पुलिस ने समझा कर मामला शांत कराया। घटना सोमवार सुबह करीब सात बजे की है। सिकंदरा के गांव अकबरा निवासी राकेश कुमार 35 वर्ष पुत्र सोहनलाल सिकंदरा सब्जी मंडी में काम करता था।

# बंगाल विजय की सूत्रधार बनीं बबिता तिवारी

## महिला मोर्चा ने दिलाई भाजपा को निर्णायक बढ़त

तमसा संकेत, संवाददाता

सुल्तानपुर। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री बबिता अखिलेश तिवारी ने अपनी रणनीतिक क्षमता और अथक मेहनत से ऐसा प्रभाव छोड़ा है, जिसकी गूंज अब राजनीतिक गलियारों से लेकर संगठन के शीर्ष स्तर तक सुनाई दे रही है। काशी क्षेत्र महिला मोर्चा की क्षेत्रीय महामंत्री के रूप में उन्होंने चुनावी अभियान को नई धार और दिशा दी।

जनसभाओं की भीड़ हो या बूथ प्रबंधन की बारीकियां—हर मोर्चे पर बबिता तिवारी की पकड़ मजबूत नजर आई। गांव-गांव जाकर उन्होंने न केवल जनता से सीधा संवाद किया, बल्कि उनकी समस्याओं को समझकर समाधान की ठोस बात भी रखी। वहीं शहरों में उनके रोड शो ने माहौल को पूरी तरह भाजपा के पक्ष में मोड़ने का काम किया।



■ बंगाल में गूंजा सुल्तानपुर का नाम, बबिता तिवारी बनीं जीत की पहचान

भाजपा संगठन ने उनके नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए उन्हें अहम जिम्मेदारी सौंपी, जिस पर वह पूरी तरह खरी उतरीं। खासकर महिला मोर्चा को संगठित करने में उनकी भूमिका निर्णायक रही।

## पेंटर, कबाड़ी और मजदूरों के खातों से हुआ ट्रांजेक्शन, 2 जेल भेजे गए, मास्टरमाइंड हिरासत में

# कानपुर में 3200 करोड़ का फर्जीवाड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में पेंटर, कबाड़ी और मजदूर जैसे आम लोगों के बैंक खातों से करीब 3200 करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन का मामला सामने आया है। इस फर्जीवाड़े में सोमवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि मास्टरमाइंड को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस जांच में सामने आया कि हवाला, स्लॉटर हाउस से जुड़े लेनदेन और फर्जी आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) इनवॉइस व ई-वे बिल के जरिए बड़े स्तर पर टैक्स चोरी की जा रही थी। आरोपियों ने फर्जी कंपनियां बनाकर करोड़ों रुपए का इनपुट टैक्स क्रेडिट हड़पने का नेटवर्क खड़ा किया था। अब जल्द ही पुलिस पूरे गिरोह का खुलासा करेगी। डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता ने बताया- 16 फरवरी 2026 को चकेरी के श्याम नगर में लूट की एक घटना हुई थी। लूट के बावजूद पीड़ित महफूज आलम एफआ-ईआर दर्ज कराने से बच रहा था। इस पर पुलिस को शक हुआ और जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि महफूज और उसके करीबियों के खातों में पहले 1600 करोड़ और बाद में करीब 3200 करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन मिले।



■ आरोपी महताब और उसका बेटा मासूम आलम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



■ पुलिस हिरासत में आरोपी महताब आलम।

### 100 से ज्यादा अकाउंट, 16 बैंकों से जुड़ा नेटवर्क

पुलिस जांच में अब तक 16 बैंकों के 100 से ज्यादा खातों के जरिए 3200 करोड़ रुपए से अधिक का ट्रांजेक्शन सामने आया है। इसमें स्लॉटर हाउस, जीएसटी धोखाधड़ी और हवाला के जरिए रकम घुमाने की बात सामने आई है। पुलिस ने मास्टरमाइंड महफूज आलम उर्फ पप्पू छुरी के साले महताब आलम और उसके बेटे मासूम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। महफूज से पूछताछ जारी है और जल्द उसकी गिरफ्तारी की भी तैयारी है।

### कबाड़ी और पेंटर को बनाया शिकार

कबाड़ी का काम करने वाले अजय शुक्ला के दस्तावेज लेकर "मां विध्यवासिनी इंटरप्राइजेज" के नाम से करीब 21 करोड़ का ट्रांजेक्शन किया गया। वहीं, पेंटर निखिल कुमार के नाम पर "रवि इंटरप्राइजेज" बनाकर 7.75 करोड़ रुपए का लेनदेन किया गया। इन सभी लोगों को इस बात की भनक तक नहीं थी कि उनके खातों का इस्तेमाल करोड़ों के फर्जी ट्रांजेक्शन के लिए किया जा रहा है। जब पुलिस इन तक पहुंची, तो उनकी आर्थिक हालत देखकर खुद पुलिस भी हैरान रह गई।

# 'पात्रों तक योजनाओं का लाभ व विकास कार्यों में तेजी अनिवार्य'

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कृषकों को डमी चेक वितरित

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री (कारागार), उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश राही की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में प्रभारी मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत एमएलसी अंगद सिंह एवं विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा का स्वागत क्रमशः जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सीडीओ, डीएफओ व एडीएम निरंकार सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों में तेजी लाई जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान चिकित्सकों की समय से उपस्थिति तथा मरीजों को गुणवत्ता-पूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। सड़कों के निर्माण, मरम्मत एवं चौड़ीकरण कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। विद्युत विभाग को खराब ट्रांसफार्मरों को शीघ्र बदलने एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित पेंशन, छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने को कहा गया। शिक्षा विभाग को निर्माणाधीन विद्यालय भवनों के कार्य समय से पूर्ण कराने एवं जनप्र-तिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



### कानपुर में गंगा में नहाने गए 2 छात्र डूबे

कानपुर। कानपुर के ग्रीन पार्क से वेटलिफ्टिंग की ट्रेनिंग ले रहे दो छात्र सोमवार शाम परमट मंदिर दर्शन करने के बाद गंगा में नहाने गए थे। इसी दौरान दोनों बीच धारा की ओर बढ़ गए और गहराई में पहुंचकर डूबने लगे। चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद नाविकों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और 17 वर्षीय एक छात्र को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि दूसरा छात्र तेज बहाव और गहराई के कारण लापता हो गया।

सूचना मिलते ही एसीपी कर्नलगंज और ग्वालटोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद 16 वर्षीय छात्र का शव बरामद कर लिया गया। घाट किनारे मौजूद लोगों के अनुसार, नदी में पानी कम होने की वजह से दोनों छात्र आगे की ओर बढ़ते चले गए। अचानक गहराई आने पर वे संभल नहीं सके और डूब गए। बाबूपुरवा के ढकनापुरवा निवासी मनोज सोनवानी लोडर चालक हैं।

# बरेली से अफीम ला रहा तस्कर लखनऊ में किया गया गिरफ्तार

## एसटीएफ ने पॉलिटेक्निक चौराहे के पास पकड़ा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ STF ने नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाले तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीम ने पॉलीटेक्निक चौराहे के पास दबिश देकर अंतरराज्यीय गिरोह के एक सदस्य को पकड़ा। एसटीएफ अन्य नेटवर्क को खंगाल रही है।

STF को काफी समय से प्रदेश के विभिन्न जिलों में ड्रग तस्करी की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी के चलते अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ विशाल विक्रम सिंह के निर्देशन में टीम गठित कर तलाशी शुरू की गई। टीम तस्करों की तलाश में लगी थी तभी एसटीएफ को सूत्रों से सूचना मिली कि बरेली से एक तस्कर भारी मात्रा में अवैध अफीम लेकर पॉलीटेक्निक चौराहे की तरफ आने वाला है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ।



पूछताछ में आरोपी की पहचान बिहार के रहने वाले मोहम्मद शहबाज उर्फ राजू (24) के रूप में हुई। पूछताछ में बताया कि 2024 में बीएससी केमिस्ट्री कर चुका है। वह कुछ समय नेपाल के पोखरा में सिविल कंस्ट्रक्शन का काम करता था, लेकिन कम आय के चलते उसकी मुलाकात बिहार के राहुल नामक युवक से हुई जो पंजाब के जालंधर में ड्रग तस्करी करता था।

आरोपी ने बताया कि राहुल के संपर्क में आने के बाद उसने भी इस धंधे में कदम रखा और जल्द ही ज्यादा मुनाफा कमाने लगा। फिलहाल राहुल की अगस्त 2025 में मौत हो चुकी है, लेकिन उसके बाद भी शहबाज तस्करी के नेटवर्क से जुड़ा रहा।

एसटीएफ अब आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जल्द ही और गिरफ्तारी हो सकती हैं।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### गंगोत्री से गंगासागर...

पिछले साल 14 नवंबर को मैंने यहीं से कहा था गंगा जी बिहार से आगे होते हुए गंगासागर तक जाती हैं आज बंगाल की जीत के साथ गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कम ही कमल खिला है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल। आज मां गंगा के पास बसे राज्यों में भाजपा-एनडीए सरकार है। 2013 में जब भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में काम दिया और काशी में जब फॉर्म भरने गया तो मेरे दिल से निकला कि न मुझे किसी ने भेजा है मां गंगा ने मुझे बुलाया है

बंगाल के भाग्य में आज से एक नया अध्याय जुड़ गया। आज बंगाल भय मुक्त हुआ है। पहली बार डर नहीं लोकतंत्र जीता है। आज जब भाजपा जीती है तो बदला नहीं बदलाव की बात होनी चाहिए। भय नहीं भविष्य की बात होनी चाहिए। मेरी सभी दलों के कार्यकर्ताओं से अपील है कि आइए हिंसा के इस अंतहीन चक्र को हमेशा के लिए खत्म करें। किसने किसे वोट दिया किसे नहीं दिया उससे ऊपर उठकर काम करें।

आज में महसूस करता हूं कि मां गंगा का आशीर्वाद हम सब पर है। मां ब्रह्मपुत्र, मां कामख्या का भी हम सब पर आशीर्वाद रहा है। असम की जनता ने तीसरी बार एनडीए पर भरोसा किया है। असम के इतिहास की बहुत बड़ी घटना है असम की टी गार्डन वाले क्षेत्रों में भी भाजपा को समर्थन मिला है। असम अब अपने विकास की रफ्तार अब और बढ़ाएगा।

साल 2021 में हमने पुडुचेरी की जनता के सामने बेस्ट पुडुचेरी का विजन रखा उन्होंने उस विजन पर विश्वास जताया। पिछले 5 साल में इस विजन को पूरी निष्ठा के साथ गति देने का काम किया गया। मैं पुडुचेरी के युवाओं को फिशरमैन साथियों को भी विश्वास दिलाता हूं कि एनडीए आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करती रहेगी।

जब भारत समृद्ध था तो उसके तीन मजबूत स्तंभ थे अंग यानी आज का बिहार, बंग यानी आज का बंगाल और कलिंग यानी आज का ओडिशा। कलिंग उस समय हिंद महासागर के समुद्री व्यापार का सम्राट था। वहीं अंग सूत रेशम के साथ नालंदा और विक्रमशिला जैसे एजुकेशन सेंटर का हब था और बंग वो सांस्कृतिक धरती थी जहां से भारत की आत्म की आवाज उठती थी।

आज एक भी राज्य ऐसा नहीं है जहां कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार हो। ये सिर्फ सियासत का बदलाव नहीं है। ये सोच का बदलाव है। ये बताता है कि विकसित होता भारत किस दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। आज का भारत विकास, विश्वास, प्रगति चाहता है। ऐसी राजनीति चाहता है जो देश को आगे बढ़ाए। पूरा देश कम्यूनिज्म से किनारा कर चुका है।

### महिला आरक्षण...

केरलम में लेफ्ट के 10 सालों के कुशासन का फायदा कांग्रेस को जरूर मिला है. लेकिन मुझे विश्वास है कि केरलम की बहनें भी अगले चुनावों में कांग्रेस को सबक जरूर सिखाएंगीं. जिस समाजवादी पार्टी ने संसद में महिला आरक्षण को रोका है, उसे भी उत्तर प्रदेश की महिलाओं का विरोध सहना पड़ेगा. महिला विरोधी समाजवादी पार्टी कुछ भी कर ले, लेकिन अपने पाप को कभी धो नहीं पाएगी.'

### विजय ने जीता...

इस बीच विजय थलापति की जीत को लेकर हिंदी सिनेमा की वेटरन एक्ट्रेस और भारतीय जनता पार्टी की सांसद हेमा मालिनी ने खुशी जाहिर की है, जिसके आधार पर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है।

### सड़क हादसे के बाद...

दो घटनाएं एक के बाद एक होने से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सड़क पर शव और घायल लोग बिखरे पड़े थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और राहत कार्य में मदद की। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को सड़क किनारे ले जाने लगे। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार बेकाबू हो गई। कार ने सड़क पर मौजूद लोगों को कुचल दिया और कुछ दूरी पर जाकर पलट गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कई लोग मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए।

### अंबेडकरनगर...

इसके बाद पुलिस टीमों को उसकी तलाश में लगाया गया।

सूत्रों के अनुसार, आमिर का परिवार से संपर्क था और वह इलाके में आता-जाता था। इसी आधार पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी शुरू की।

उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि आमिर से पूछताछ के दौरान कई अहम पहलुओं का खुलासा होने की उम्मीद थी।

घटना की सूचना जैसे ही महरुआ थाना क्षेत्र के कसड़ा गांव पहुंची, माहौल बदल गया। रविवार को जब चारों बच्चों के शव गांव लाए गए, तो पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया।

एक ही परिवार के चार बच्चों के जनाजे एक साथ उठे। गांव के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। हर चेहरा स्तब्ध और खामोश नजर आया।स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्चे पढ़ाई में सामान्य थे और रोजमर्रा की जिंदगी जी रहे थे। वे गांव और ननिहाल दोनों जगह आते-जाते थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। आमिर के मोबाइल, कॉल डिटेल और उसके संपर्कों को खंगाला जा रहा है। यह भी देखा जा रहा है कि हत्या के पीछे कोई व्यक्तिगत रंजिश या अन्य कारण तो नहीं है।

### हिमाचल में तूफान से...

वहीं शिमला के ढली-संजौली में भी बारिश के साथ हल्के ओले गिरे। किन्नौर के रिकांगपियों में भी दोपहर बाद बारिश हुई। राज्य में तीन दिन से बारिश-ओलावृष्टि हो रही है। आज भी ददाहू में सबसे ज्यादा 46.0 मिमी, रेणुका जी में 30.0 मिमी, बलद्वाड़ा 27.0, सराहन 25.7, चौपाल 22.0, घागस, 20.4, शिमला 17.2, पांवटा साहिब 15.2, सोलन 15.0 और कसौली में 15.0 मिमी बारिश हुई।

मौसम में बदलाव के बाद लाहौल स्पीति के अधिक ऊंचे क्षेत्रों में इससे ठंड लौट आई है। ताबो का न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री और कुकुमसैरी 4.1 डिग्री तक लुढ़क गया है। सोलन के तापमान में सामान्य की तुलना में सबसे ज्यादा 10.1 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई और यहां का पारा 4.8 डिग्री रह गया है।

नाहन का 7.4 डिग्री नीचे गिरने के बाद 15.3 डिग्री, शिमला का 2.0 डिग्री कम होने के बाद 12.0, धर्मशाला का 1.0 डिग्री कम होने के बाद 16.8 डिग्री सेल्सियस रह गया है। राज्य में तीन दिन से बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है। मौसम में बदलाव के बाद अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 5.7 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है। भुंतर का पारा सामान्य से 9.6 डिग्री नीचे गिरने के बाद 20.3 डिग्री रह गया है। ऊना का पारा 6.4 डिग्री कम होने के बाद 31.0, मंडी का तापमान 6.6 डिग्री लुढ़कने के बाद 26.2 डिग्री और सुंदरनगर का 7.6 डिग्री कम होने के बाद 25.6 डिग्री सेल्सियस रह गया है।

मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में यलो अलर्ट की चेतावनी दी गई है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

कल (5 मई) मंडी और शिमला में ऑरेंज अलर्ट रहेगा व अन्य जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। 7 मई तक प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान है।

### सिराज ने पहले ओवर में लगातार बॉल पर विकेट झटके, पंजाब के बल्लेबाज सूर्यांश शेडगे ने आईपीएल में अपनी पहली फिफ्टी लगाई

# रबाडा ने गुलाटी मारकर सेलिब्रेट किया सूर्यांश शेडगे का विकेट

**मुकाबला**

**अहम, एजेंसी**

गुजरात टाइटंस ने IPL 2026 के 46वें मैच में पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया। मैच के पहले ही ओवर में सिराज ने लगातार दो गेंद पर 2 विकेट झटके।

पंजाब के बल्लेबाज सूर्यांश शेडगे ने IPL में अपनी पहली फिफ्टी लगाई। उनका विकेट लेने के बाद गेंदबाज कगिसो रबाडा ने गुलाटी मारकर जश्न मनाया। गुजरात के गेंदबाज मानव सुथर के एक ओवर में 27 रन बने। 24 वर्षीय साई सुदर्शन ने पंजाब के खिलाफ 57 रन की पारी खेली। उन्होंने अब तक IPL में 18 फिफ्टी लगाई है। वह 24 साल की उम्र तक सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने वाले खिलाड़ियों में तीसरे नंबर पर हैं। इस लिस्ट में शुभमन गिल टॉप पर हैं, जिन्होंने 24 फिफ्टी लगाई थी। 20 फिफ्टी के साथ यशस्वी जायसवाल दूसरे नंबर पर हैं।



### कैच का मौका छूटा, फिर अगली दो बॉल पर सिराज को विकेट

मैच का पहला ओवर किसी फिल्मी ड्रामे से कम नहीं था। पंजाब किंग्स की पारी में मोहम्मद सिराज ने पहला ओवर डाला। पहली गेंद गेंद पर प्रियांश ने पुल शॉट लगाया, लेकिन गेंद टॉप-एज लेकर फाइन लेग की ओर गई। विकेटकीपर जोस बटलर ने पीछे दौड़ते हुए कैच के लिए छलांग लगाई, लेकिन गेंद उनसे थोड़ी दूर रह गई। इसकी अगली ही गेंद पर प्रियांश का कट शॉट, डीप बैकवर्ड पॉइंट पर खड़े निशान्त सिंधु की ओर गई, जिन्होंने शानदार लो कैच पकड़ा। इसकी अगली ही गेंद पर कूपर कॉनोली भी शून्य पर कैच आउट हो गए।

पंजाब किंग्स की पारी में पावरप्ले के आखिरी ओवर में कगिसो रबाडा ने विकेट मेडन ओवर डाला। पहली बॉल डॉट रही। रबाडा ने दूसरी गेंद 152 किमी/घंटा की स्पीड से डाली। बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने कवर के ऊपर से मारने की कोशिश की, लेकिन वह ठीक से टाइम नहीं कर पाए और गेंद सीधे फील्डर मानव सुथर के हाथों में चली गई। इसके बाद बैटिंग करने आए नेहल वढेरा अगली 4 गेंद पर कोई रन नहीं बना सके। पंजाब के बल्लेबाज सूर्यांश शेडगे ने पारी 14वें ओवर में मानव सुथर की गेंद पर खूब रन बटोरे। गुजरात के लेफ्ट आर्म स्पिनर की पहली गेंद पर स्टोइनिस ने सिंगल लिया। इसके बाद शेडगे ने पांचों गेंद को बाउंड्री के बाहर पहुंचाया। उन्होंने दूसरी और तीसरी गेंद पर लगातार दो छक्के जड़े।

### आईपीएल 2026 में सिराज ने तीसरी बार पहली ओवर में विकेट लिया

पंजाब के खिलाफ मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवर में दो विकेट लिए। उन्होंने प्रियांश आर्या और जेवियर बार्टलेट को लगातार गेंद पर आउट किया। IPL 2026 में यह तीसरी बार है कि उन्होंने पहले ओवर में विकेट चटकाया। इस लिस्ट में जोफ्रा आर्चर पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने इस सीजन 5 बार ऐसा कारनामा किया है।

### इस सीजन गुजरात ने पावरप्ले में 18 विकेट झटके

पंजाब के खिलाफ गुजरात के गेंदबाजों ने पावरप्ले में 3 विकेट झटके। IPL 2026 में अब तक गुजरात के गेंदबाजों ने कुल 18 विकेट चटकाए हैं। टीम इस मामले में तीसरे नंबर पर है।



सिराज का पहला ओवर काफी इवेंटफुल रहा। प्रियांश, कॉनोली का विकेट गिरा।

> पंजाब के सूर्यांश शेडगे ने गुजरात के खिलाफ आईपीएल की अपनी फिफ्टी लगाई। पारी के 15वें ओवर में राशिद खान की आखिरी गेंद को सूर्यांश ने मिड-विकेट की ओर खेला और अपने 50 रन पूरे किए। उन्होंने महज 24 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी की।

# सीएसके के ऑलराउंडर रामाकृष्णा घोष आईपीएल 2026 से बाहर

### मुंबई के खिलाफ डेब्यू मैच में चोटिल हुए थे, चेन्नई ने अब तक रिप्लेसमेंट नहीं चुना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

IPL 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) की मुश्किलें जारी हैं। टीम के बॉलिंग ऑलराउंडर रामाकृष्णा घोष चोट के कारण मौजूदा सीजन से बाहर हो गए हैं। घोष ने शनिवार (2 मई) को मुंबई इंडियंस के खिलाफ IPL डेब्यू किया था और शानदार प्रदर्शन किया था। चेन्नई सुपर किंग्स के आधिकारिक बयान के मुताबिक, घोष के दाहिने पैर में फ्रैक्चर है। यह चोट शनिवार को चेन्नई में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान लगी थी। फिलहाल फ्रेंचाइजी ने उनके रिप्लेसमेंट के नाम की घोषणा नहीं की है।

महाराष्ट्र के मीडियम पेसर रामाकृष्णा घोष के लिए शनिवार का दिन सपने जैसा शुरू हुआ था। उन्होंने मैच की आठवीं गेंद पर पॉइंट बाउंड्री पर डाइविंग कैच लेकर मुंबई के ओपनर विल जैक्स को पवेलियन भेजा। इसके बाद गेंदबाजी में अपनी शॉर्ट पिच गेंद से दुनिया के नंबर-1 टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को आउट किया। घोष ने 133 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सभी को प्रभावित किया था।



घोष को CSK ने IPL 2025 की मेगा नीलामी में उनके बेस प्राइस 30 लाख रुपये में खरीदा था। पिछले सीजन में उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था, लेकिन टीम ने भरोसा जताते हुए इस साल रिटेन किया। शनिवार को उन्हें पहली बार पीली जर्सी में मैदान पर उतरने का मौका मिला, लेकिन चोट ने उनका सीजन खत्म कर दिया।

मौजूदा सीजन में खिलाड़ियों की चोट ने CSK की प्लानिंग बिगाड़ दी है। रामाकृष्णा घोष इस सीजन में बाहर होने वाले चेन्नई के चौथे खिलाड़ी और तीसरे तेज गेंदबाज हैं। उनसे पहले नाथन एलिस, आयुष म्हात्रे और खलील अहमद भी चोट के कारण टूर्नामेंट से हट चुके हैं। लगातार गेंदबाजों के बाहर होने से कप्तान ऋतुराज गायकवाड के पास गेंदबाजी विकल्प कम होते जा रहे हैं।

# आईपीएल- गुजरात की लगातार तीसरी जीत

### पंजाब ने सीजन में दूसरा मैच गंवाया, साई सुदर्शन की फिफ्टी, होल्डर को 4 विकेट

**खेल**





**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात टाइटंस ने IPL में रविवार के दूसरे मैच में टेबल टॉपर पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया है। उसने लगातार तीसरे मैच में जीत हासिल की है, जबकि पंजाब ने लगातार दूसरा मैच गंवाया है। इस हार के बावजूद पंजाब टेबल के टॉप पर है।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 163 रन बनाए। गुजरात ने 164 रन का टारगेट 19.5 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया। वॉशिंगटन सुंदर ने मार्कस स्टोयनिस की बॉल पर छक्का मारकर जीत दिलाई।

पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने टीम ने 47 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। यहां से सूर्यांश शेडगे ने मार्कस स्टोयनिस के साथ 44 बॉल पर 79 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर 100 पार पहुंचाया। शेडगे ने 29 बॉल पर 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि स्टोयनिस 40 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में जेसन होल्डर छक्का मारने के प्रयास में कैच आउट हो गए। उन्हें कूपर कोनोली ने कैच किया। इसी ओवर में गुजरात ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 17वें ओवर की आखिरी बॉल पर गुजरात ने 5वां विकेट गंवाया। इम्पैक्ट प्लेयर राहुल तेवतिया (2 रन) को मार्को यानसन ने जेवियर बार्टलेट के हाथों कैच कराया।

> **गुजरात को आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रनों की जरूरत थी। लेकिन, मार्कस स्टोयनिस इसे डिफेंड नहीं कर सके। अरशद खान ने उनकी पहली बॉल पर चौका लगाया। फिर सुंदर ने 5वीं बॉल पर छक्का लगाकर एक गेंद रहते अपनी टीम को जीत दिला दी।**

### साई सुदर्शन ने फिफ्टी लगाई, बटलर के साथ साझेदारी की

रन चेज में गुजरात ने 16 रन के स्कोर पर कप्तान शुभमन गिल (5 रन) का विकेट गंवा दिया था। उन्हें अर्शदीप सिंह ने कैच कराया। यहां से साई सुदर्शन ने मोर्चा संभाला। उन्होंने जोस बटलर के साथ मिलकर स्कोर 69 रन तक पहुंचाया। फिर निशांत सिंधु के साथ मिलकर टीम को 100 पार पहुंचा दिया। जब सुदर्शन आउट हुए तब तक टीम 124 के स्कोर तक पहुंच चुकी थी। बाकी का काम वॉशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया ने पूरा कर दिया।

## मनोरंजन

### फिर सीधे थलापति विजय के घर पहुंचीं, सीएम बन सकते हैं एक्टर, आज एक्ट्रेस का 43वां जन्मदिन

# तृषा कृष्णन ने किए तिरुपति मंदिर के दर्शन




नई दिल्ली। एक्ट्रेस तृषा कृष्णन का आज 43वां बर्थडे है। इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। रविवार रात एक्ट्रेस तिरुपति के लिए रवाना हुई थीं, जिसके बाद अब उनके मंदिर दर्शन के विजुअल्स सामने आ रहे हैं।

तृषा कृष्णन ऑफ व्हाइट ट्रेडिशन सूट पहने मंदिर पहुंचीं। टीम के साथ उन्होंने मंदिर के दर्शन किए। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद से ही उनके इस दर्शन को तमिलनाडु चुनाव के नतीजों से जोड़ा जा रहा है। दरअसल, तृषा कृष्णन इन दिनों थलपति विजय से नाम जुड़ने से चर्चा में हैं। विजय की पार्टी TVK (तमिलगा वेट्री कड़गम) एग्जिट पोल में 234 सीटों में 109 से आगे चल रही है। मंदिर के दर्शन करने के ठीक बाद तृषा कृष्णन थलापति विजय के घर पहुंची हैं। एक्टर के घर के बाहर से तृषा का एक वीडियो सामने आया है।

इससे कुछ समय पहले भी तृषा कृष्णन ने वोट डालने के बाद सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की थी। थलपति विजय से नाम जुड़ने के बाद उनकी ज्यादातर एक्टिविटीज को उन्हीं से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में थलपति विजय की पत्नी संगीता सोनालिंगम ने विजय से तलाक की मांग करते हुए याचिका में लिखा कि एक्टर का अफेयर एक एक्ट्रेस से है। दोनों 2021 से रिलेशनशिप में हैं। विजय ने बार-बार एक्ट्रेस से रिश्ता खत्म करने का आश्वासन दिया, लेकिन ऐसा नहीं किया। उन्होंने याचिका में ये भी कहा कि लगातार विजय की उस एक्ट्रेस के साथ वेकेशन की तस्वीरें सामने आती रहती हैं, जिससे उनकी मानहानि भी हुई है। तलाक से चर्चा में आए विजय कुछ समय बाद ही एक हाई प्रोफाइल शादी का हिस्सा बने, जहां एक्ट्रेस तृषा कृष्णन भी उनके साथ पहुंची थीं।

### विजय के पिता भी दर्शन करने पहुंचे

चुनाव का रिजल्ट आने से ठीक पहले थलपति विजय के पिता एसएस चंद्रशेखर भी तिरुत्तनी मुरुगन मंदिर पहुंचे हैं। एसए चंद्रशेखर एक फिल्म डायरेक्टर हैं।



# फेक वीडियो फैलाने वालों पर भड़के राहुल रॉय

### कहा- सड़कों पर रहने वाला लावारिस नहीं



नई दिल्ली। वायरल वीडियो से सुर्खियों में आए राहुल रॉय को लगातार ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। एक्टर वीडियो पर सफाई दे चुके हैं, इसके बावजूद कई लोग उनका मजाक उड़ा रहे हैं। अब कुछ लोगों ने एक्टर की आर्थिक मदद करने के नाम पर कुछ फेक वीडियो बनाने भी शुरू कर दिए हैं। ये देख एक्टर भड़क गए। उन्होंने हेटर्स और ट्रोलर्स को फटकार लगाते हुए फिर एक बेबाक बयान दिया है।

फेक वीडियोज सामने आने पर राहुल रॉय ने भड़कते हुए ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा है-आप सभी का धन्यवाद, जिन्होंने मुझ पर अपना प्यार और समर्थन बरसाया। यह मैसेज मेरे सभी हेटर्स, ट्रोलर्स और फेक वीडियो बनाने वालों के लिए है। मैं सुरक्षित हूं और मेरी अच्छी तरह देखभाल मेरी बहन प्रियंका और जीजा रोमीर सेन कर रहे हैं। मैं अपनी बहन के घर मड में रहता हूं। हमारा बहुत प्यारा घर है, और वह मुझसे बहुत प्यार करती हैं, जिससे मैं खुद को दुनिया का सबसे खुशकिस्मत भाई मानता हूं।

# दुनियाभर में बजा 'राजा शिवाजी' का डंका

### वीकेंड पर हिस्टोरिकल ड्रामा ने किया ताबड़तोड़ कलेक्शन

**शानदार**

- राजा शिवाजी कलेक्शन डे 3- 12 करोड़ रुपये
- इंडिया नेट कलेक्शन- 33.90 करोड़ रुपये
- वर्ल्डवाइड कलेक्शन- 40.34 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। रितेश देशमुख की राजा शिवाजी ने 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक दी है और रिलीज के दिन से ही फिल्म बॉक्स ऑफिस (Box Office) पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। हिस्टोरिकल ड्रामा अपना पहला वीकेंड पूरा कर चुकी है।

सैकनिल्क के मुताबिक, राजा शिवाजी ने पहले दिन भारत में 11.35 करोड़ रुपये के साथ ओपनिंग की थी जिसके बाद दूसरे दिन फिल्म ने 10.55 करोड़ रुपये कमाए वहीं तीसरे दिन इसने 12 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 33.90 करोड़ रुपये हो गया है। वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने तीन दिनों में अब तक 40.34 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। वहीं चौथे दिन के आंकड़े अभी नहीं आए हैं।





**फिल्म में संजय दत्त अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी, अमोल गुप्ते और जेनेलिया देशमुख के साथ रितेश देशमुख मुख्य भूमिका में हैं।**

### 'राजा शिवाजी' के बारे में

राजा शिवाजी (Raja Shivaji) एक 2026 भारतीय ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म (Historical Action Drama) है, जो मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी के जीवन पर आधारित है, जो रितेश देशमुख (Riteish Deshmukh) द्वारा सह-लिखित और निर्देशित है। फिल्म का निर्माण जेनेलिया देशमुख और ज्योति देशपांडे ने मुंबई फिल्म कंपनी और जियो स्टूडियोज के तहत किया है।

### हंतावायरस से 3 की मौत, अफ्रीका तट पर जहाज रोका गया, यात्रियों को उतरने की इजाजत नहीं

# समुद्र में जहाज पर चूहों वाला वायरस फैला

**संक्रमण**

**प्राया, एजेंसी**



MV होंडियस मार्च में रवाना हुआ था। इसमें 200 से ज्यादा लोग हैं।

अटलांटिक महासागर में एक क्रूज शिप पर चूहों वाले वायरल (हंतावायरस) संक्रमण का मामला सामने आया है। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई है और कम से कम तीन लोग बीमार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और दक्षिण अफ्रीका स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को इसकी पुष्टि की।

MV होंडियस नाम के इस क्रूजशिप को फिलहाल अफ्रीकी देश केप वर्डे की राजधानी प्राया में रोका गया है। अभी यात्रियों को उतरने की अनुमति नहीं मिली है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि संक्रमण फैलने के खतरे को नियंत्रित किया जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, जहाज पर 6 लोगों में संक्रमण जैसे लक्षण मिले हैं। इनमें से एक मामले की पुष्टि लैब में हो चुकी है। एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है, जबकि दो को जहाज से निकालने की तैयारी की जा रही है।

यह भी अभी पता नहीं है कि सभी बीमार लोग हंतावायरस से संक्रमित हैं या नहीं। यह बीमारी आखिर कैसे और कहां से फैली है, इसकी जांच चल रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि संक्रमण आया कहां से। अर्जेंटीना के जिस इलाके से जहाज रवाना हुआ, वहां हंतावायरस का कोई मामला दर्ज नहीं है। जहाज ऐसे क्षेत्रों में भी नहीं गया जहां यह वायरस आम है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि संक्रमण जहाज के अंदर हो सकता है। सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल के मुताबिक, हंतावायरस व्यक्ति के चूहे या गिलहरी के संपर्क में इंसान के आने से फैलता है।

## 7 हफ्ते में कई देशों से गुजरा क्रूज

नीदरलैंड के झंडे वाला यह क्रूज शिप 20 मार्च को अर्जेंटीना के उशुआइया से रवाना हुआ था। इसके बाद यह दक्षिणी ध्रुव के आसपास के इलाकों में गया और फिर अटलांटिक पार करते हुए यूरोप की ओर बढ़ रहा था। इसे सबसे आखिर में स्पेन के कैनरी द्वीप तक पहुंचना था, जो अफ्रीका के पास अटलांटिक में स्थित एक प्रमुख पर्यटन क्षेत्र है।

जहाज में कुल 170 यात्री और 71 क्रू सदस्य मौजूद हैं। इनमें एक डॉक्टर भी शामिल है। पहला मृतक 70 साल का एक व्यक्ति था, जिसकी मौत जहाज पर ही हो गई थी। वह अपनी पत्नी के साथ इस यात्रा पर था। इसके बाद उसका शव दक्षिण अटलांटिक में स्थित सेंट हेलेना में उतारा गया। उसकी पत्नी बाद में दक्षिण अफ्रीका पहुंचीं, जहां से उन्हें अपने देश नीदरलैंड लौटना था। लेकिन एयरपोर्ट पर ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, वह बेहोश हो गईं और बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। क्रूज चलाने वाली कंपनी ओशनवाइड एक्सपेडिशंस ने बताया कि तीसरे मृतक का शव अभी भी जहाज पर केप वर्डे में मौजूद है।

## 3 तरीके से फैलता है हंतावायरस

**पहला:** अगर वायरस का वाहक चूहा किसी इंसान को काट ले, हालांकि ऐसे मामले कम ही सामने आते हैं।

**दूसरा :** किसी जगह या चीज पर मौजूद चूहे का मल-मूत्र या लार के संपर्क में इंसान आता है और अपने नाक-मुंह को छूता है।

**तीसरा :** अगर इंसान ऐसी चीज खाता है जिस पर चूहे का मल-मूत्र या लार मौजूद हो।

# कपड़े फाड़े, महिलाओं के साथ सड़कों पर हुआ रेप

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नाइजीरिया में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां फर्टिलिटी फेस्टिवल (प्रजनन उत्सव) के दौरान महिलाओं के साथ छेड़छाड़ हुई और सार्वजनिक रूप से उनका खुलेआम बलात्कार किया गया।

नाइजीरिया में हुई इस घटना से लोगों में भारी आक्रोश है। ऐसी खबरें सामने आई हैं कि यहां फर्टिलिटी उत्सव के दौरान पुरुषों के समूहों ने सड़कों पर महिलाओं का पीछा किया और उनके साथ यौन उत्पीड़न किया। खबरों के मुताबिक, यह घटना मार्च महीने में नाइजीरिया के डेल्टा राज्य में 'अलुए-डो' उत्सव के दौरान हुई थी। यह उत्सव प्रजनन क्षमता से जुड़ा है और इसे ओरामुडू समुदाय मनाता है।

फ्रांस24 की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्सव का माहौल तब बिगड़ गया जब सार्वजनिक जगहों पर पुरुषों ने महिलाओं का पीछा करना शुरू कर दिया। कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके कपड़े फाड़ दिए गए और जबरदस्ती उतार दिए गए, जिसके बाद सार्वजनिक रूप से उनके साथ यौन उत्पीड़न किया गया। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि घटना के समय वहां कई लोग मौजूद थे, जिनमें से कुछ लोग हिंसा को रोकने के बजाय चिल्ला रहे थे। इस घटना में पुरुषों का एक बड़ा समूह शामिल था और कुछ मामलों में तो इसमें कम उम्र के लड़के भी शामिल थे। माना जा रहा है कि पीड़ितों में से कई महिलाएं पास के ही एक विश्वविद्यालय की छात्राएं हैं। खबरों के मुताबिक, इनमें से कुछ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**फास्ट न्यूज**

### सोना 2000 सस्ता, 10 ग्राम की कीमत 1.48 लाख

नई दिल्ली। सोने के दाम में आज यानी 4 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,906 रुपए गिरकर 1.48 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। एक किलो चांदी 3,906 रुपए बढ़कर 2.44 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

### अमेरिका-ईरान शांति वार्ता पर टिकी निवेशकों की नजर

नई दिल्ली। सोमवार 4 मई को जब बाजार खुलेगा तो निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता पर रहेगी। इसके अलावा टाटा टेक और बीएचईएल जैसी कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों से लेकर विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री जैसे फैक्टर्स भी बाजार की चाल तय करेंगे। भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता भारी उतार-चढ़ाव वाला रहा। गुरुवार को सेंसेक्स और निफ्टी में 0.7% से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई थी। शुक्रवार को महाराष्ट्र दिवस के कारण बाजार बंद रहा, लेकिन इस दौरान वैश्विक स्तर पर कई बड़े घटनाक्रम हुए हैं।

### बजट एयरलाइन स्पिरिट महंगे फ्यूल और कर्ज के कारण बंद

वॉशिंगटन । अमेरिकी एयरलाइन कंपनी स्पिरिट एयरलाइंस ने वित्तीय संकट और ईंधन की कीमतों में अचानक आए उछाल के कारण अपना कामकाज पूरी तरह बंद कर दिया है। कंपनी ने 2 मई 2026 को आधिकारिक तौर पर अपने सभी ऑपरेशंस को सस्पेंड करने की घोषणा की।

# 375 मिलियन डॉलर का जुर्माना, मेटा का बड़ा कदम

## न्यू मैक्सिको में सेवाएं बंद करने की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**




सोशल मीडिया कंपनी मेटा (Meta) ने चेतावनी दी है कि वह अमेरिका के न्यू मेक्सिको राज्य में अपने प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की सेवाएं बंद कर सकती है। यह चेतावनी एक बड़े कानूनी विवाद के बीच आई है, जिसमें कंपनी पर बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर आरोप लगे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एक जूरी ने मेटा को दोषी ठहराया और उस पर 375 मिलियन डॉलर (करीब 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा) का जुर्माना लगाया। अदालत ने कहा कि कंपनी ने यूजर्स को सुरक्षा के बारे में गुमराह किया और उसके प्लेटफॉर्म पर बच्चों के शोषण जैसी घटनाएं होने दीं।

यह मामला अब दूसरे चरण में जाएगा, जिसे 'रिमेडीज फेज' कहा जाता है, जिसकी सुनवाई 4 मई से शुरू होगी। इस चरण में तय किया जाएगा कि मेटा को अपने प्लेटफॉर्म में क्या बदलाव करने होंगे।

मेटा का कहना है कि जो बदलाव सुझाए जा रहे हैं, वे व्यावहारिक नहीं हैं। कंपनी के मुताबिक, अगर ये नियम लागू होते हैं तो उसे न्यू मैक्सिको के लिए अलग से अपने ऐप्स के वर्जन बनाने पड़ेंगे, जो बहुत जटिल और महंगा होगा। कंपनी ने यह भी कहा कि अगर ऐसे सख्त नियम लागू किए गए, तो उसके पास राज्य से अपनी सेवाएं पूरी तरह हटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। वहीं, न्यू मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल राउल टोरेज ने इस चेतावनी को 'पब्लिक रिलेशन स्टंट' बताया। उन्होंने कहा कि मेटा के पास सुरक्षा उपाय लागू करने की क्षमता है, लेकिन वह मुनाफे को प्राथमिकता देती है।

## ईरान में इंटरनेट की तस्करी

नई दिल्ली। ईरान में जारी इंटरनेट पर प्रतिबंध के बीच अब एक नया और जोखिम भरा अंडरग्राउंड ऑपरेशन शुरू हुआ है। एक ओर जहां सरकार ने सैटेलाइट इंटरनेट को अवैध घोषित कर कड़ी सजा का प्रावधान किया है, वहीं दूसरी ओर तस्करों का एक गुप्त नेटवर्क जान हथेली पर रखकर स्टारलिंक टर्मिनलों को सीमाओं के पार देश के भीतर उपलब्ध करा रहा है। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक गुप्त नेटवर्क ईरान में चुपचाप अपना जाल फैला रहा है, और युद्धग्रस्त देश में वैश्विक इंटरनेट की पहुंच बना रहा है, क्योंकि यह तकनीक अभी भी अवैध है। दरअसल, ईरान में जनवरी में हुए व्यापक प्रदर्शन के बाद से अधिकारियों ने इंटरनेट पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। कुछ समय के लिए राहत मिलने के बाद फरवरी में इस प्रतिबंध को और सख्त कर दिया गया, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका और इजरायल ने देश पर हमले किए, जिनमें सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत सैकड़ों लोग मारे गए।

# बीएचईएल का मुनाफा 156% बढ़कर 1,290 करोड़ हुआ

## निवेशकों को हर शेयर पर 1.40 का डिविडेंड देने का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**




सरकारी इंजीनियरिंग कंपनी BHEL का वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 156% बढ़कर 1,290.47 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी को 504.45 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।

BHEL का रेवेन्यू 37% बढ़कर 12,310.37 करोड़ रुपए हो गया। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी को 8,993.37 करोड़ रुपए था। शेयरधारकों के लिए 1.40 के डिविडेंड का ऐलान भी किया गयाहै। BHEL ने आज 4 मई को जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे घोषित किए हैं। महारत्न कंपनी का सालभर का कुल मुनाफा भी 200% बढ़कर 1,600.26 करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2025 में यह आंकड़ा 533.90 करोड़ रुपए था। वहीं, पूरे वित्त वर्ष में रेवेन्यू 19% बढ़कर 33,782.18 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। FY25 में यह 28339.48 करोड़ रुपए रहा था। BHEL का शेयर नतीजों के बाद 52 हफ्ते के उच्च स्तर 399 रुपए पर पहुंच गया था। हालांकि अभी ये थोड़ा नीचे आया है और ये 7% चढ़कर 377 पर कारोबार कर रहा है। बीते एक साल में शेयर में 65% की तेजी आई थी। वहीं 6 महीने में शेयर 41% चढ़ा है।

भारत सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSUs) को उनकी परफॉर्मेंस और टर्नओवर के आधार पर महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न का दर्जा देती है। 'महारत्न' का दर्जा उन कंपनियों को मिलता है जिनका पिछले 3 साल का औसत सालाना नेट प्रॉफिट 5,000 करोड़ रुपए से ज्यादा हो या औसत सालाना टर्नओवर 25,000 करोड़ रुपए से अधिक हो।

### चीन से लौटते समय कब्जा किया था, यूएस नेवी होर्मुज में फंसे जहाजों को आज से रेस्क्यू करेगी

# अमेरिका ने ईरानी जहाज पाकिस्तान को सौंपा

**तेल अवीव, एजेंसी**



अमेरिकी सेना ने जब्त किए गए ईरानी जहाज टूस्का को अब पाकिस्तान को सौंप दिया है। अब इस जहाज को उसके क्रू मेंबर के साथ वापस ईरान भेजा जाएगा। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता ने दी।

अमेरिका ने 21 अप्रैल को इस जहाज को पकड़ लिया था। यह चीन से लौट रहा था। तब अमेरिकी अधिकारियों ने दावा किया था कि इस पर हथियार बनाने से जुड़े सामान लाए जा रहे थे। ईरान ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की थी और इसे समुद्री डकैती बताया था।

अमेरिका ने ईरानी जहाज को ऐसे समय पर रिलीज किया है जब कुछ ही घंटे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प ने होर्मुज में फंसे जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने के लिए नया अभियान शुरू करने का ऐलान किया है। ट्रम्प ने रविवार को सोशल मीडिया पर बताया कि कई देशों ने अमेरिका से मदद मांगी है। उनके जहाज यहां फंस गए हैं। ट्रम्प ने इन जहाजों और उनके कर्मचारियों को निर्दोष बताया और कहा कि वे हालात के कारण मुश्किल में फंस गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका इन जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिखाएगा ताकि वे बिना किसी खतरे के अपना काम जारी रख सकें। यह ऑपरेशन सोमवार सुबह से शुरू होगा। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि अगर इस ऑपरेशन में ईरान ने कोई रुकावट पैदा की तो अमेरिका सख्त जवाब देगा। वहीं, पूर्व दिशा में यह इलाका ईरान के माउंट मुबारक से लेकर UAE के फुजैराह अमीरात तक बताया गया है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उसकी सेना अमेरिका की धमकियों का जवाब देना जानती है।

- **ईरान की चेतावनी:** IRGC के पूर्व कमांडर मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा।
- **जंग रोकने का नया प्रस्ताव:** अमेरिका को पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है। ट्रम्प ने कहा कि वे इस नए प्रस्ताव का रीव्यू भी कर रहे है।
- **कार्गो शिप पर बोट्स से हमला:** होर्मुज स्ट्रेट में एक बड़े कार्गो जहाज पर छोटे-छोटे नावों से हमला किया गया है। किसी के घायल होने की खबर नहीं मिली है।
- **अब तक 49 जहाजों ने रास्ता बदला:** अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने बताया है कि ईरान के बंदरगाहों पर चल रही घेराबंदी के दौरान अब तक 49 व्यापारिक जहाजों का रास्ता बदल दिया गया है।
- **अमेरिका में पेट्रोल महंगा:** अमेरिका में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 4.45 डॉलर (370 रुपए) प्रति गैलन (3.78 लीटर) हो गई है। 28 फरवरी के बाद से पेट्रोल की कीमत 1.47 डॉलर (122 रुपए) बढ़ चुकी है।




### ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट पर कंट्रोल का नया वीडियो जारी किया

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स (IRGC) ने होर्मुज का एक नया नक्शा जारी किया है। इस नक्शे में उन इलाकों को दिखाया गया है, जहां पर IRGC की नौसेना अपना कंट्रोल होने का दावा कर रही है। यह जानकारी ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने दी है। नक्शे के अनुसार, यह क्षेत्र पश्चिम में ईरान के केश्म द्वीप के सबसे पश्चिमी छोर से लेकर UAE के उम्म अल-क्वैन अमीरात तक फैला हुआ है।

### ईरान में इंटरनेट बंद, काम के लिए लोग देश छोड़ रहे

ईरान में करीब 65 दिनों से इंटरनेट ठीक से काम नहीं कर रहा है। इसकी वजह से लोगों के लिए जानकारी पाना भी मुश्किल हो गया है। ईरान में अब इंटरनेट चलाना महंगी चीज बन चुका है।

सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ा है जिनका काम बाहर की दुनिया से जुड़ा है। अपना काम बचाने के लिए कई लोग मजबूरी में कुछ समय के लिए देश छोड़ रहे हैं। ऐसे लोग आर्मेनिया और तुर्किये जैसे देशों में जा रहे हैं, जहां इंटरनेट आसानी से मिल जाता है।

**अपील :** नेपाल बोला ये हमारा इलाका, भारत बोला- नेपाल के दावे का कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं

# भारतीय यात्री लिपुलेख से मानसरोवर न जाएं : नेपाल

**काठमांडू, एजेंसी**



नेपाल सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों से लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा न करने की अपील की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि 1816 की सुगौली संधि के मुताबिक लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी क्षेत्र नेपाल का हिस्सा है।

सरकार ने कहा कि लिपुलेख के रास्ते प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर उसने भारत और चीन दोनों को डिप्लोमैटिक तरीके से अपनी आपत्ति और चिंता से अवगत करा दिया है।

नेपाल ने यह भी बताया कि वह पहले भी भारत से इस इलाके में सड़क निर्माण, व्यापार और पर्यटन जैसी एक्टिविटी न करने की अपील करता रहा है। नेपाल ने चीन को भी आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी है कि लिपुलेख उसका हिस्सा है।

भारत ने पहली बार 1962 के युद्ध में यहां सेना तैनात की थी। इलाके के महत्व को देखते हुए इन दिनों यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP) तैनात है। भारत से मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्री इसी इलाके के लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरते हैं। 1962 में चीन के हमले के बाद भारत ने लिपुलेख दर्रे को बंद कर दिया था।

### भारत बोला- नेपाल के दावे तथ्यों पर आधारित नहीं

नेपाल की हालिया टिप्पणी के बाद भारत ने अपना रुख स्पष्ट किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत की स्थिति पहले से ही स्पष्ट और स्थिर रही है। भारत सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए निकालने के पक्ष में है।

जायसवाल ने कहा कि लिपुलेख दर्रा 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा का एक पारंपरिक मार्ग रहा है और इस रास्ते का इस्तेमाल कई दशकों से होता आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है।

सीमा विवाद पर भारत ने फिर दोहराया कि नेपाल के दावे तथ्यों और ऐतिहासिक प्रमाणों पर आधारित नहीं हैं। भारत ने कहा कि एकतरफा और कृत्रिम तरीके से सीमा दावों को बढ़ाना स्वीकार्य नहीं है। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत, नेपाल के साथ सभी लंबित मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत के लिए तैयार है और सीमा से जुड़े मतभेदों को भी आपसी संवाद और कूटनीति के जरिए सुलझाने का समर्थन करता है।

### दो नदियों से तय हुई भारत-नेपाल की सीमा

भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है, जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच 1816 में हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया, जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हो गया।

# नेतन्याहू की 'शील्ड ऑफ इजरायल' को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



**अरबों डॉलर में होगी एफ-35 और एफ-15 फाइटर जेट की डील**

इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को उन्नत लड़ाकू विमानों के दो नए स्क्वाड्रन खरीदने को अंतिम मंजूरी दे दी। यह सौदा अरबों डॉलर का है और इसका उद्देश्य देश की दीर्घकालिक सैन्य क्षमता और वायु श्रेष्ठता को मजबूत करना है।

इस डील में अमेरिका की कंपनियों लॉकहीड मार्टिन और बोइंग से F-35 और F-15IA फाइटर जेट खरीदे जाएंगे। यह खरीद 350 अरब शेकेल (करीब 119 अरब डॉलर) की रक्षा आधुनिकीकरण योजना का हिस्सा है। इस योजना को इजरायल की खरीद संबंधी मंत्रिस्तरीय समिति ने मंजूरी दी है, जिसके तहत F-35 का चौथा स्क्वाड्रन और F-15IA का दूसरा स्क्वाड्रन शामिल होगा।

F-35 और F-15IA विमानों की खरीद 'शील्ड ऑफ इजरायल' योजना का अहम हिस्सा है, जिसका मकसद इजरायल की वायुसेना को तकनीकी रूप से और मजबूत बनाना है। इस योजना के तहत वायुसेना में ऑटोनॉमस फ्लाइट सिस्टम, नई पीढ़ी की रक्षा तकनीक और भविष्य में अंतरिक्ष से जुड़े सैन्य अभियानों को भी शामिल किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) आमिर बाराम ने कहा कि यह कदम आने वाले दशक के लिए सेना को मजबूत करने की दिशा में अहम है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96